संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 172 शुक्रवार 25 अप्रैल 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# मोदी सरकार के पाकिस्तान के खिलाफ 5 फैसले

## पीएम मोदी ने हमले की कड़ी निंदा की,कड़ा जवाब देने की चेतावनी

## महत्वपूर्ण खबर

### पहलगाम में आतंकी हमला कोई संयोग नहीं,यह पाक प्रायोजित प्रयोग



**नई दिल्ली,24 अप्रैल 2025(ए)।** जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 और 35ए की समाप्ति के बाद अब धीरे-धीरे घाटी अपने खुशनुमा रंग में लौट ही रही थी। लेकिन, पाकिस्तान में बैठे नापाक इरादे वाले लोगों को यह कहां बर्दाश्त होने वाला था। पाक अधिकृत कश्मीर के पीएम की जुबानी तो इस तरह के कायराना हमले की चेतावनी पहले ही दी जा चुकी थी। फिर वहां से एक और आवाज पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष सैयद असीम मुनीर अहमद शाह की उठी, जिसने टू नेशन थ्योरी और पाकिस्तान के गठन की बुनियाद और सोच की पूरी कहानी से लोगों को रू-ब-रू करा दिया। इसके बाद कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को जो हुआ, वह पाकिस्तान की सरजमीं पर पल रहे आतंकियों और पाक सेना के जवानों की बुजदिली थी और कुछ नहीं।

### पहलगाम हमले के गुनहगारों की सूचना देने वालों को मिलेगा 20-20 लाख का इनाम



**अनंतनाग ,24 अप्रैल 2025(ए)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को पर्यटकों पर हमला करने वाले तीन आतंकवादियों के पोस्टर जारी किए हैं और सूचना देने वालों के लिए हर आतंकवादी पर 20-20 लाख रुपए के इनाम की घोषणा की है।अनंतनाग पुलिस ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में तीन आतंकवादियों के पोस्टर जारी करते हुए कहा है कि आदिल हुसैन ठोकर, हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान और अली भाई उर्फ तल्हा भाई के बारे में जानकारी देने वाले को 20-20 लाख रुपए का इनाम मिलेगा। तीनों को लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का आतंकवादी बताया गया है और सभी तीनों पर 20-20 लाख रुपए का अलग-अलग इनाम रखा गया है।

### उधमपुर में आतंकियों के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़,1 जवान शहीद



**उधमपुर,24 अप्रैल 2025(ए)।** जम्मू कश्मीर के उधमपुर में गुरुवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो रही है। इस मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद हो गया है।

खुफिया जानकारी के आधार पर जम्मू कश्मीर पुलिस ने आज उधमपुर के बसंतगढ़ में संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया था। दोनों ओर से भारी गोलीबारी हो रही है। यह मुठभेड़ उधमपुर के डूडू में हो रही है. सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेर लिया है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच बीते 24 घंटे में यह तीसरी मुठभेड़ है। इससे पहले कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी।

- » इस बार बच नहीं सकता पाकिस्तान...
- » पीएम मोदी के वो 5 सख्त संदेश,जिससे थर-थर कांप रहा दुश्मन...
- » पाकिस्तान के खिलाफ कुछ बड़ा करेगा भारत...
- » लाल फाइल लेकर शाह और जयशंकर पहुंचे राष्ट्रपति मुर्मू के पास...
- » अमित शाह और एस जयशंकर ने राष्ट्रपति से मुलाकात की...
- » सार्क वीजा छूट योजना रद्द,पाकिस्तानी नागरिकों का प्रवेश बंद...



**नई दिल्ली,24 अप्रैल 2025(ए)।** पहलगाम आतंकी हमल के बाद भारत सख्त हो गया है। इस आतंकी हमले से पूरे देश में गुस्सा है। हर देशवासी चाहता है कि इस कायराना हरकत करने वाले आतंकियों और उनके आकाओं को जवाब देना चाहिए। इस बीच, पीएम आवास पर पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की सुरक्षा कमेटी (सीसीएस) की बैठक करीब ढाई घंटे चली। इसमें पांच बड़े फैसले लिए गए। मोदी सरकार के इन फैसलों से पाकिस्तान डर गया है।

पहलगाम हमले के बाद भारत ने आतंकवादियों और पाकिस्तान को करारा जवाब देने का मन बना लिया है। भारत के पलटवार को लेकर पाकिस्तान में हलचल तेज हो गई है। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। यह बैठक जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर हुई। इस हमले में 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। राष्ट्रपति भवन ने बैठक की एक तस्वीर शेयर करते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

### सिंधु जल संधि तत्काल प्रभाव से स्थगित

सिंधु जल समझौते का मकसद था कि दोनों देशों में जल को लेकर कोई संघर्ष न हो और खेती करने में बाधा न आए। हालांकि भारत ने हमेशा इस संधि का सम्मान किया, जबकि पाकिस्तान पर आतंकवाद को समर्थन देने के आरोप लगातार लगते रहे हैं। भारत के पाकिस्तान से तीन युद्ध हो चुके हैं, लेकिन भारत ने कभी भी पानी नहीं रोका था, लेकिन पाकिस्तान हर बार भारत में आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार होता है।

### दुनिया को पहले ही कर दिया आगाह

बिहार की इसी सभा में प्रधानमंत्री मोदी ने अंग्रेजी में भी संदेश दिया। उन्होंने कहा भी और उनका मकसद भी साफ था, वो जो कहना चाहते हैं, उसे पूरी दुनिया अपने दिल और दिमाग में बिठा ले। भारत एक्शन लेकर रहेगा। उनके शब्दों में,मैं दुनिया से कहना चाहता हूं, भारत हर आतंकी और उनको समर्थन देने वालों की पहचान करेगा, पीछा करेगा और सजा देगा। हम धरती की छोर तक उनका पीछा करेंगे। आतंकवाद से भारत का धैर्य कभी नहीं तोड़ा जा सकेगा। आतंकवाद को सजा मिलकर रहेगी। न्याय के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस संकल्प में पूरा राष्ट्र एकजुट है। जो लोग भी मानवता में विश्वास करते हैं, वे हमारे साथ हैं। हम विभिन्न देशों के नागरिकों और उनके नेताओं को धन्यवाद देते हैं, जो इस समय हमारे साथ खड़े हैं...प्रधानमंत्री मोदी का मकसद साफ है, भारत जो भी एक्शन लेगा,वह अपने देश और मानवता के हित में होगा, इसलिए कोई पाकिस्तान के साथ खड़ा होने की कोशिश करे, उससे पहले 140 करोड़ भारतीयों की ताकत का भी ख्याल रखे।

### पाकिस्तान पर भारत का बड़ा स्ट्राइक

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच के सिंधु नदी जल समझौते को रोक दिया गया है। अटारी बोर्डर को भी बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द कर दिया गया था और उन्हें भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है। पाकिस्तान नागरिकों का वीजा बंद कर दिया गया है। इसके अलावा उच्चायोग में कर्मचारियों की संख्या को 55 से घटाकर 30 कर दिया जायेगा। देर रात तक चली बैठक के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा-आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी है। हम सिर्फ उन्हीं तक नहीं पहुंचेंगे, जिन्होंने इस घटना को अंजाम दिया, बल्कि उन तक भी पहुंचेंगे, जिन्होंने परदे के पीछे बैठकर हिंदुस्तान की सरजमीं पर ऐसी नापाक हरकतों की साजिशें रची हैं। ऐसी हरकतों का जवाब आने वाले कुछ ही समय में जोरदार तरीके से नजर आएगा।

मोदी ने कहा- 'पहलगाम के आतंकियों और उनके आकाओं को ऐसी सजा देंगे, जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत पहलगाम आतंकी हमले में शामिल एक-एक आतंकवादी और उनके आकाओं का पता लगाएगा, उन्हें खोजेगा और ऐसी सजा देगा कि उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी।

### भारत ने पाकिस्तान से सभी को बुलाया

नई दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायुसेना सलाहकार अवांछित व्यक्ति घोषित। एक हफ्ते में भारत छोड़ना होगा। भारत भी पाक से अपने रक्षा, नौसेना, वायुसेना सलाहकारों को वापस बुलाएगा। इससे भारत में पाकिस्तानी रक्षा सलाहकारों की वापसी से दोनों देशों के बीच सैन्य-स्तर की बातचीत और संपर्क पूरी तरह बंद हो जाएंगे

### पाक नागरिकों को 48 घंटे में ही भारत छोड़ना होगा

पाकिस्तान के कई लोगों की रिश्तेदारी भारत में है। ऐसे में कई बार पाकिस्तानी लोग रिश्तेदार बनकर भारत आते हैं। इनके अलावा धार्मिक यात्राओं का बहाना करके भारत आते हैं और आतंकी हमलों को अंजाम देते हैं। ऐसे में वीजा सर्विस बंद होने से आतंकियों के भारत आने का रास्ता भी बंद हो जाएगा।

### अटारी बॉर्डर बंद किया गया

अटारी चेक पोस्ट के बंद होने से पाकिस्तान के लोगों की आवाजाही तो बंद होगी ही, साथ ही छोटे सामानों को भारत निर्यात नहीं करेगा। इससे वहां के छोटे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान होगा। भारत आए पाकिस्तानी नागरिकों को इस रास्ते से लौटने के लिए 1 मई तक का वक्त दिया गया है। इसके बाद वह इस रास्ते से नहीं लौट पाएंगे। साल 2019 में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद से ही पाकिस्तान से द्विपक्षीय व्यापार बंद है।

### बौखलाए पाकिस्तान ने भारतीय एयरलाइंस के लिए बंद किया एयरस्पेस,

#### अटारी चेक पोस्ट बंद करने के बाद जवाबी कार्यवाही

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार एक्शन मोड में है।




भारत सरकार द्वारा सिंधु जल समझौते को रोक दिया गया है। इसके अलावा बाघा-अटारी बॉर्डर, पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा को भी बंद कर दिया गया है। भारत सरकार के एक्शन को देखते हुए पाकिस्तान बौखला चुका है। अब बौखलाहट में पाकिस्तान ने भी भारतीय एयरलाइंस के लिए अपने एयरस्पेस को बंद कर दिया है।

### पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान सरकार का आधिकारिक एक्स अकाउंट किया ब्लॉक

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक एक्स हैंडल को ब्लॉक कर दिया है। भारत ने इस हमले को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कदम उठाए हैं। इस हमले को पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन द रेसिस्टेंस फ्रंट द्वारा अंजाम दिए जाने की आशंका है, जिसके बाद भारत ने जवाबी कार्रवाइयों की शुरुआत की है।

# ईडी ने सहारा की 1,500 करोड़ रुपये से अधिक की नई संपत्तियां कुर्क कीं




### हजार एक से अधिक भूमि सीज

**नयी दिल्ली,24 अप्रैल 2025 (ए)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि उसने सहारा समूह के खिलाफ कथित धन शोधन जांच के तहत 1,500 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की नई संपत्तियां कुर्क की हैं।

### बेनामी लेन - देन से हुई थी जमीनों की खरीदी

जब्त किये गए भूखंडों का कुल मूल्य 1,538 करोड़ रुपये (2016 सर्किल रेट के अनुसार) है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि इन भूखंडों को 'बेनामी' लेन-देन के माध्यम से खरीदा गया था, जिसमें सहारा की कंपनियों से धन भेजा गया था। बयान में कहा गया है कि ये जमीनें गुजरात, ओडिशा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश में स्थित हैं।

पिछले सप्ताह, ईडी ने मामले में महाराष्ट्र के लोनावाला में स्थित एंबी वैली में 707 एकड़ जमीन जब्त की, जिसकी कीमत 1,460 करोड़ रुपये है। धन शोधन का यह मामला विभिन्न राज्य में पुलिस विभागों द्वारा दर्ज 500 से अधिक प्राथमिकी पर आधारित है।

संघीय जांच एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत सहारा प्राइम सिटी लिमिटेड की 16 शहरों में कुल 1,023 एकड़ भूमि कुर्क करने के लिए एक अतंरिम आदेश जारी किया था।



### भारत ने आईएनएस का किया सफल परीक्षण

**नयी दिल्ली,24 अप्रैल 2025 (ए)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बीच भारत समुद्री सुरक्षा को लेकर अहम उपलब्धि हासिल की है। भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक, आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य को सफलतापूर्वक निशाना बनाया है। यह नौसेना की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह उपलब्धि स्वदेशी युद्धपोत डिजाइन, विकास और संचालन में भारतीय नौसेना की बढ़ती हुई क्षमता को दर्शाती है और रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्र की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

### पहलगाम हमले के बाद दिल्ली स्थित पाक हाईकमीशन में केक ले जाते दिखा कर्मचारी, भीड़ ने रोका पूछा-किस बात का जश्न है?



**नई दिल्ली,24 अप्रैल 2025(ए)।** पहलगाम में आतंकी हमला के बीच दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात एक कर्मचारी केक लेकर अंदर जा रहा था। जब मीडिया ने उससे बात करने की कोशिश की, लेकिन उसने कुछ नहीं बोला कि आखिर किस खुशी में ये केक अंदर लेकर जा रहे हो। पहलगाम आतंकवादी हमले के बीच पाकिस्तान हाईकमीशन के बाहर केक लाने पर सवाल खड़े हो गए हैं। मीडिया ने उस कर्मचारी से बात करने की कोशिश की, लेकिन उसने कुछ नहीं बोला कि आखिर किस खुशी में ये केक अंदर लेकर जा रहे हो। हालांकि केक किसलिए और किन वजहों से मंगाया गया है, यह अभी तक साफ नहीं हो सका है।



### विकास यादव को 8 मई तक अंतरिम जमानत लेकिन घर से बाहर निकलने की परमिशन नहीं

**नई दिल्ली,24 अप्रैल 2025 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने नितीश कटारा हत्याकांड में दोषी विकास यादव को बीमार मां को देखने के लिए आठ मई तक सशर्त अंतरिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने कहा है कि जमानत के दौरान विकास यादव अपने गाजियाबाद स्थित घर में रहेंगे और नीलम कटारा, अजय कटारा व अन्य गवाहों से मिलने की कोशिश नहीं करेगा। विकास यादव को नितीश कटारा की हत्या के जुर्म में 25 वर्ष के कारावास की सजा मिली है, जिसमें से वह करीब 23 वर्ष की सजा भुगत चुका है।




### पेंशन 1,000 से बढ़ाकर 7,500 रुपये करेगी सरकार

**नई दिल्ली,24 अप्रैल 2025(ए)।** देश के करोड़ों पेंशनर्स को जल्द ही बड़ी खुशखबरी मिल सकती है।केंद्र सरकार बढ़ती महंगाई को लेकर कर्मचारी पेंशन योजना के तहत मिलने वाली मासिक पेंशन को 1000 रुपए से बढ़ाकर 7,500 रुपये करने पर विचार कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार, पेंशन में 650 प्रतिशत को भारी बढ़ोतरी हो सकती है. ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि एक संसदीय समिति ईपीएस संशोधन का मूल्यांकन करने जा रही है.

#### कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद गारंटीड पेंशन की सुविधा

कर्मचारी पेंशन योजना की शुरुआत 16 नवंबर 1995 को हुई थी जिसे कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने संगठित क्षेत्रों में काम कर रहें लोगों के लिए शुरू किया था. जिससे कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद भी अपने जीवन यापन के लिए एक गारंटीड पेंशन मिल सके.

# संपादकीय

## सबसे बड़ा बैंकिंग घोटाला

भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया। चोकसी और उसके भतीजे नीरव मोदी पर पंजाब नैशनल बैंक से तकरीबन साढ़े तेरह हजार करोड़ रुपयों के गबन का आरोप है।मोदी अभी लंदन की जेल में है और भारत प्रत्यर्पित किए जाने के खिलाफ कानूनी जंग लड़ रहा है। इस घोटाले में उसकी पत्नी एमी और भाई निशाल भी मुख्य अभियुक्त हैं। चोकसी मुंबई की अदालत में हलफनामा दे कर भारत आने में अक्षमता जाहिर कर चुका है। वह कैंसर का मरीज है, जिसका इलाज बेल्जियम में चल रहा है। भारतीय एजेंसियां प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई के साथ मिल कर प्रत्यर्पण का प्रयास कर रही हैं।बैंक ने 2018 में पहली बार मोदी, चोकसी और अन्य अधिकारियों के खिलाफ 280 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया था। जांच के बाद यह देश का सबसे बड़ा बैंकिंग घोटाला निकला। इसमें बैंक अधिकारियों की मिलीभगत भी पाई गई। हालांकि मोदीकाल में होने वाले बैंक घोटालों में यह अकेला नहीं है। सरकारी दस्तावेज के अनुसार 2012-16 के दरम्यान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को बाइस हजार करोड़ रुपये से अधिक का चूना लगाया जा चुका है।स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के 429, आईसीआईसीआई के करीब 455,स्टैंडर्ड बैंक के 244 और एचडीएफसी बैंक के 237 के करीब धोखाधड़ी के मामले पकड़े जाने की पुष्टि हुई है। मोदी के इस घोटाले के बाद पीएनबी ने अपने बीस कर्मचारियों को निलंबित भी किया था। बैंकों के इस गोरखधंधे में बैंककर्मियों की मिली-भगत पकड़ी गई है। इसी दरम्यान देश से भाग चुके आर्थिक अपराधी विजय मल्या पर भी बैंकों को साढ़े नौ हजार करोड़ रुपये का चूना लगाने के खिलाफ चार्जशीट फाइल की गई थी। कहने में दोष नहीं है कि प्रत्यर्पण संधि के बावजूद कानूनी प्रक्रिया बेहद जटिल होती है, और आरोपियों को स्वदेश लाने में सालों लग जाते हैं। चोकसी का मामला भी अभी फेडरल पब्लिक जस्टिस और फॉरेन अफेयर्स की निगरानी में होगा। सरकार किस हद तक दोषी को वापस लाने की कवायद करती है, यह तो वक्त ही बताएगा।धोखाधड़ी के इस धन की वसूली और सजा देने में लगने वाले समय की चर्चा अभी बेमानी है क्योंकि सार्वजनिक बैंकों में इतने बड़े आर्थिक घोटालों में सरकार की भूमिका भी संदिग्ध ही पाई जाती रही है। भ्रष्टाचार पर प्रहार करने की बातें करने वाले सत्ताधारी दल को इसे चुनौती की तरह देखना चाहिए।

## पहलगाम हत्याकांड:हिंसा और आंतकवाद का घृणित स्वरूप

# सिर के बदले सिर,गोली का बदला गोलों से लेने होगा



संजीव ठाकुर,
रायपुर छत्तीसगढ़

पहलगाम में 28 निर्दोष पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा निर्मम हत्याकाण्ड को इतिहास में एक बड़ी अमानवीय घटना के रूप में याद किया जाएगा। भारत को चाहिए कि अब इस जहरिली विचारधारा तथा इसके नेपथ्य में जितनी भी संस्थाएं और देश शामिल है उनका सममूल्य नाश किया जाना चाहिए तब जाकर इन निर्दोष 28 व्यक्तियों की हत्या का बदला माना जाएगा। विचारधारा तथा मानसिक विकृति के शिकार कुछ बंदूकधारियों द्वारा निरिह लोगों की हत्या कर अपना मकसद साध लेना ही आतंकवाद की श्रेणी में नहीं आता है,बल्कि शक्ति संपन्न राष्ट्रों द्वारा अपनी विस्तार वादी सामंती अवधारणा को पूरा करने के लिए छोटे देशों पर हमला करना भी आतंकवाद ही है। इसराइल-हमास, रूस-यूक्रेन युद्ध इसका ताजा उदाहरण है,अमेरिका की दादागिरी, चीन का पागलपन, उत्तर कोरिया की सनक इन सबके विभस्त उदाहरण है जो अपनी व्यवसायिक,सामरिक और मानसिक सनक को पूरा करने के लिए किसी भी देश को नेस्तनाबूद कर नागरिकों पर कहर ढाकर उन्हें मौत के घाट उतार देते हैं। यह सब अंतर्राष्ट्रीय सामूहिक बलात आतंकवाद ही हैं। भारत एक सशक्त और बलशाली देश होने के बावजूद शांति की नीति को अपनाए हुए है और वैश्विक शांति का संदेश भी देने का प्रयास कर रहा है ऐसे देशों को साधुवाद देना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महाबली राष्ट्रों की विस्तार वादी तथा सामंती गतिविधियों की सार्वजनिक निंदा भी की जानी चाहिए।





आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण,बम विस्फोट,हत्याजैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र,आंध्र प्रदेश,मध्य प्रदेश, झारखंड,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रूप हिंसा के द्वारा अलग अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं,यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन बस स्टैंड रेल रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है,जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद ने अनेक घटनाओं को जन्म देकर विश्व शांति सद्भावना की मूल कल्पना को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है। दुनिया के प्रत्येक देश में आतंकवाद किसी न किसी रूप में आज मौजूद है। आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है। यह समस्याएं हथियारों से सुलझाने के प्रयास में अत्यंत हिंसक बन गई हैं।

आतंकवाद को वृहद रूप देने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने भी बड़ा साथ दिया है, आतंकवादियों, नक्सलवादियों और नस्ल वादियों के लिए रसायनिक, नाभिकीय, जैविक मानव बम जैसे आधुनिक हथियार उपलब्ध होने से यह आतंकवादी गतिविधियां और भी खतरनाक हो गई है। इसके अलावा मीडिया में इंटरनेट उपलब्धता से यह सारी सरकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो जाती है इससे आतंकवादी और ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं। विश्व में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर 11 सितंबर 2001 आतंकवादी हमला मानव इतिहास की सबसे क्रूर तम हमला माना जाता है। पाकिस्तान के पेशावर जिले में आर्मी स्कूल में 150 मासूम बच्चों की निर्मम हत्या भी एक क्रू र आतंकवादी घटना है। भारत में 1993 में मार्च में श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोट इसी तरह दिसंबर 2001 में संसद भवन पर हमला वाराणसी बम विस्फोट, अहमदाबाद में बम विस्फोट, 2008 में मुंबई ताज होटल पर हमला, 2016 में पठानकोट एयरबेस हमला, 2017 में अमरनाथ तीर्थयात्रियों हमला, 2019 में पुलवामा हमला आतंकवादी घटनाएं हैं जिससे मानवीय संवेदनाएं,शांति स्थापना की मूल धारणा की धज्जियां उड़ जाती है। भारत में तो नक्सलवाद भी आतंकवाद का एक वृहद रूप ले चुका है। आतंकवाद का सबसे भयानक रूप यह है की कोई भी देश यह नहीं जानता कि आतंकवाद का अगला निशाना कौन सा देश और कौन सी इमारत, रेलवे स्टेशन,वायुयान और कौन सा धार्मिक स्थल होगा। वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ असुरक्षा की भावना पूरी तरह व्याप्त हो चुकी है। आतंकवाद का सबसे विस्तृत और भयानक रूप अफगानिस्तान में सरकार का तख्ता-पलट का ही है। वहां तालिबानी आतंकवादियों द्वारा सरकार को गिरा कर अफगानिस्तान देश पर जाकर वहां शासन स्थापित कर लिया था, और पूरी दुनिया तमाशबीन बनी रही। रूस यूक्रेन युद्ध मैं भी लाखों लोगों की आक्रमण कर हिंसक हत्या तानाशाही तथा मानसिक आतंकवाद का ही एक भयानक रूप है। पूरे विश्व में आतंकवाद के खिलाफ भारत सहित अनेक कानून बनाए गए एवं उन पर अमल भी किया जा रहा है। पर आतंकवाद को समूल नष्ट करने के लिए आतंकवादी विचारधारा को ही समूल रूप से नष्ट करना होगा, क्योंकि आतंकवाद कोई तात्कालिक कारणों से पैदा नहीं होता,यह एक घिनौनी, हिंसक आतंक पैदा करने वाली विचारधारा है। अशांति की इस विचारधारा में जन समुदाय में रोश तथा खौफ पैदा कर दिया है और यह मानवता के लिए अभिशाप की तरह व्याप्त हो गया है। जिससे विश्वव्यापी वैश्विक शांति की अवधारणा को नष्ट कर दिया है। वैसे तो पूरे विश्व में आतंकवाद के खिलाफ प्रयास किए जा रहे हैं पर हर देश के हर नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि इस विचारधारा और इनकी गतिविधियों पर नजर रख इसे समूल नष्ट करने का प्रयास किया जाना चाहिए।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध भारत की पाकिस्तान को चेतावनी एक बड़ा जवाब





केशी गुप्ता
द्वारका,दिल्ली

मंगलवार 22 अप्रैल 2024 के दिन कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने ना सिर्फ कश्मीर बल्कि पूरे देश को हिला कर रख दिया है। यह भारत के लिए एक काला दिन साबित हुआ । जिसे लेकर संपूर्ण भारत में रोष और दुख की भावना है । दुनिया भर में इस आतंकी हमले की चर्चा की जा रही है और इसे अत्यंत दुखदाई और शर्मनाक कहा जा रहा है। तथाकथित तथ्यों पर आधारित इस हमले के तहत 28 लोग जिनमें से एक नेपाली नागरिक शामिल हैं आतंकियों द्वारा मारा गया। अत्यधिक संख्या में हमले की वजह से घायल हुए लोगों की खबर है । कश्मीर जो कि कुछ समय से राहत की सांस लिए हुए था आज एक बार फिर अपने सीने पर एक नया जख्म लिए हुए हैं। इस हमले के खिलाफ में कश्मीर की जनता प्रदर्शन के लिए सड़कों पर उतर आई है। ऐसा बताया जा रहा है कि आतंकी, सेना की वर्दी पहने हुए थे और उन्होंने लोगों से धर्म पूछ कर उन्हें गोलियों से भून दिया । बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर ये आतंकी कौन है और कहां से आते हैं? क्या कोई भी धर्म इस तरह के आतंक और कतले आम की इजाजत देता है ? समय-समय पर देश दुनिया पर होते आतंकी हमले मानवता पर एक बड़ा नासूर है।

इस हमले से हताहत लोग और देश की जनता सरकार से एक ठोस कदम और जवाबदारी की उम्मीद लगाए हुए हैं। जिसे ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में कुछ ठोस फैसले लिए गए हैं। जिसके तहत 1960 के सिंधु जल समझौते को स्थगित करने की घोषणा की गई है। अटारी बॉर्डर को पूर्णता बंद करने की हिदायत दी गई है। पाकिस्तान गए भारतीय लोगों को 1 मई तक देश वापस लौटने की हिदायत दी गई है। सार्क वीजा के तहत पाकिस्तानियों को वीजे पर दी गई छूट को बंद कर दिया गया है। घटना से पूर्व दिए गए सभी वीजा कैंसिल करने का निर्णय लिया गया है। यह सभी बड़े फैसले इस आतंकी हमले के जवाब और देश की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्धारित किए गए हैं । ये बड़े फैसले यक़ीनन पाकिस्तान को चेतावनी का ऐलान और एक बड़ा जवाब है। धर्म की आड़ में खेला जाने वाला आतंक का खेल मासूम आम जनता को अपना शिकार बन रहा है । नफरत का ये बीज ,इस तरह के आतंकी हमलों द्वारा अपने पांव तेजी से पसार रहा है। जो मानवता को धराशाई कर रहा है। जिसकी रोकथाम करना बेहद बेहद जरूरी है।

# रोज कट रही है हमारी नाक...



आत्माराम यादव पीव
ग्वालटोली नर्मदापुरम
मध्यप्रदेश

संसार में जितने मनुष्य और जीव है, उतनी उनकी नाकें है और हर एक को अपनी नाक जीजान से प्यारी है तथा उसकी नाक ओरों की नाक से बहुत ऊँची हो जाये तथा उसकी नाक के चर्चे देश-दुनिया में हो तो उसे अपनी नाम पर बहुत गर्व होता है। अब नाक की बात निकली है तो अब नाक कार्यक्षेत्र के संस्थानों की भी होने लगी जहॉ उनका सफलता के झण्डे गॉड़ना नाक बचाना और असफल होना यानि उनके संस्थान की नाक कटना है। अब व्यक्तियों के साथ विभागों, संस्थानों की भी नाक भी सर्वोपरि हो गयी है, वह भी कटने को तैयार नहीं और उस संस्थान के लोग खुद और संस्थान की नाक कटने देना नहीं चाहते है। यह संसार स्वार्थियों के वशीभूत है और हरेक स्वार्थी अपने-अपने स्वार्थ के सागर में स्वार्थ के जहाज चलाकर अपनी नाक को आसमान की ऊंचाई तक लम्बा करने पर तुला हैं। अगर जुकाम हो जाये तो सुसरी नाक खुशबू से वंचित जो जाती है पर असली सुगन्ध जिसकी नाक है, उसकी कीर्ति अर्थात नाक के ज्यादा बहुत ज्यादा, सबसे ज्यादा ऊंचा होने में है। लक्ष्मण ने शूर्पणखा की नाक एक बार काटी तब लोकोपचार में यह नाक लंका की हो गयी और लंका ने अपनी नाक बचाने के लिये लंका को मिटा दिया। हमारी नाक हर पल, हर जगह, ऐसी कट रही है जैसे नाक न हुई सब्जी-भाजी हो गयी हो और नाक बचाने, कटाने की मनोवृत्ति सभी में बराबर विद्यमान है,आफिसों में काम होने न होने, समाचार-विज्ञापन छपने न छपने, नौकरी लगने न लगने,इलाज ठीक होने न होने, स्कूल में बच्चों का उत्तीर्ण होने न होने से लेकर सभी कामों सहित विकास और विध्वंस को नाक कटने-कटाने से जोड़ लिया है,इसलिये कोई भी नाक को नीचे नहीं होने देना चाहता, कटने देना नहीं चाहता तभी सब नाक को कटने से बचाने में लगे हुये है।

अब किसकी नाक की बात करूँ जो कट नही रही हो,सबकी नाक कट रही है और सब नकटे हो गये है पर कोई खुदका नकटा मानने को तैयार नहीं,हाल ही में रामजी बाबा मेले में किसकी नाक कटी, सबको पता है पर वे झट नाक पकड़कर बता चुके, कि देख यह रही मेरी नाक। आप मिनिस्टर, बैरिस्टर,कलेक्टर,डाक्टर, रईसजादा,कोतवाल, पत्रकार,व्यापारी,ठेकेदार, लाट सहाब रईसजादे, या आम जनता कुछ भी हो सकते है,आप सोचोगे, आखिर आपकी नाक कटे क्यों? अरे भई जब अपनी नाक पर मक्खी नहीं बैठने देता हूँ तो तुम बेमतलब बकवास क्यों कर रहे हो कि नाक कट गयी। सब दावे करते है कि मेरे रूतबा है, मान-सम्मान है पूरा नगर-गॉव मेरे पैरों में झुकता है और सबसे बड़ी बात ये है कि मेरी नाक सबसे ऊॅची है,तो वह कटेगी कैसे ? भैया जितना पूजा-पाठ, धर्म कर्म करता हूँ उतना कोई नहीं करता है और ईश्वर के दरबार में भी जितना ईश्वर का सम्मान नहीं वहॉं मेरे भक्त मिलेंगे और भगवान के नहीं मेरे पैर छुएंगे, तब तुम समझ सकते हो कि मेरी नाक का मुकाबला किसी ओर की नाक से नहीं किया जा सकता है, यह ईश्वर की ही कृपा है कि मेरी नाक बची हुई है और मेरे विरोधी यह बेवजह गरम दुर्गन्धयुक्त हवा फैला रहे हे कि सबके साथ मेरी भी नाक कट गयी । नाक आखिर में नाक है ओर हर व्यक्ति की दूसरे की नाक मैं अंतर है वैसे ही जैसे नदी के दो किनारे कभी मिलते नहीं,ठीक वैसे ही कुछ लोगों की नाक भी विशेष होती है और वे हर समय भगवान के गले पड़े घिघियाते रहते है कि उनकी नाक बची रहे, भले दूसरे की जड़ से कट जाये।

प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री,मंत्रीगणों के दरबार में,साधु संतों के व्यवहार में,श्रद्धा के आहार में, प्रेम के उपहार में,स्वतंत्र व्यापार में स्वदेशी कारोबार में,प्रकाश या अंधकार में,सौन्दर्य-कुरूपता में, माता पिता के प्यार,गरीबों से दुलार में,ईमानदार दुकानदार में जहां कही भी देखिये समय-समय पर किसी न किसी की नाक कटने,बचने की खबरें रोज आती है। प्रायः देखा जा सकता है कि रात के अंधेरे में चोरी छिपे हर बुरा-गन्दा काम करने वाले सॅख्स और संस्थान अपनी नाक सलामत रखते है और भूल जाते है कि करम का लेख नहीं मिटता, जो कर रहा हूँ उससे नाक ही नीचे हो रही है, पर मूरख मन को यही तसल्ली दिलाते है कि भले उनके हाथ कोयले की दलाली में काले है,पर भगवान तो उनका है,उनके साथ है,यही बात इन बिन स्कूल गये खुद को डीलिट समझने वाले बुद्ध पुरुषों को समझ नहीं आती और वे अपने मन की चकाचौंध में अपनी नाक को सर्वश्रेष्ठ, सर्वोत्तम मानकर खुश रहते है।



व्यंग्य

सुख बड़ा ही नाजुक है,विपत्तियों के भय से मुक्त होने के लिये दुनिया भर के लोग दुखी होते हुये भी सुखी होने का भ्रम पालकर अपनी नाक को,आईमीन अपने-अपने ओहदे का तमगा लगाकर अपनी-अपनी नाक ऊॅचा करने के लिये अपने मनरूपी भैसों के आगे बीन बजाकर खुश रहना सीख गये है। आफिस या कोतवाली कोई भी हो, वहॉ सुबह से अगली सुबह तक आने वाली अर्जियों-रिपोर्टो की जानकारी पाने वाले कुछ ऊॅचे लोग, ऊॅचे ऊॅट की तरह होते हुये अपने कुटिल मन के रेगिस्तान में धमाचौकड़ी करते मिल जायेंगे। ये नाक कट जाने का डर दिखाते है कि भैईया अब तक आपकी घर,परिवार, समाज में जो नाक बची है,अगर बात छप् जाये टीवी पर आ जाये, या मामला दर्ज हा जाये तो पुलिस घर से उठा लेगी तब कहीं नाक दिखाने लायक नहीं रहोगे,बस ऐसे ही ऊॅट-ऊॅटनियॉ अपने मन के कोढ़ से डराकर गॉधी छाप मनीराम पाकर लक्ष्मी सुख में मग्न हो, पुलिस या अधिकारियों को शिकायत रफा-दफा के बदले धनीराम कम्पनी की एनासिन देकर सबकी नाक कटने, कटाने से बचाने का उपक्रम पूरा करते है, और आफिसों व थानों में 80 प्रतिशत अर्जियॉ नाक बचाने-कटाने के भय के भूत को छप्पनभोग का कलेवा खिलाती सिस्टम पर अटठहास करती लाचार-गरीबों की मनमर्जियों से मर्ज हो जाती है। नाक बचाने पर ऊॅचे ऊॅट - ऊॅटनियों अपनी उदारता का एहसान थोपकर खुद के पुण्यात्मा होने का लोहा मनवा लेते है वही लोकोपचार, देशभक्ति और जनसेवा में सफलता का तमगा इसी सिस्टम से पा जाते है।

जिसकी जितनी ऊंची आसमान छूती नाक है वह रोज उतनी कटती भी है,जो चाहे कि उसकी नाक न कटे तो यह असंभव है,क्योंकि आज दुनिया में हर देश,हर सरकार एक दूसरे की नाक काटने में लगा है इसलिये जो काम सरकार कर रही है वह हर व्यक्ति कर रहा है और दिन-रात चौबीसों घंटे जिनके पास काम नहीं है, वह नाक काटने और कटवाने में व्यस्त है। रोज कहीं न कहीं किसी ऊँचे खानदान का बेटा-बेटी गलत राह अख्तियार करता है, उसकी नाक कटने से बचाने को बोलिया लगायी जाती है, सौदा होते ही नाक बच जाती है। नकटों की भी अपनी महिमा है वे जब भी समाज में उनकी नाक कटने को लेकर खुसर-पुसर सुनते है,तुरन्त शहर के बीचोबीच उस कटी नाक को साबित बताने के लिये सम्मान करेंगे,नाक पर पुष्प मालाओं का सेहरा बॉधेंगे। जो अधिकारी या नेता गॉवों-शहरों की जमीनों को गायब करवा कर चहेतों में मूॅगफली जैसा बॉट दे,फर्जी फसल पैदाबार का रिकार्ड तोड़े, नदियों-तालाबों पर कागज के पुल बॉध दे,सरकार की सारी योजनाओं को धरातल पर लाये बिना बजट खर्च कर सफलतापूर्वक कार्यान्वित बतलाये और उसे ईमानदार-कर्तव्यनिष्ठ का तमका देने के लिये दिल्ली-भोपाल में राष्ट्रपति-राज्यपाल से सम्मानित कराकर उसकी नाक दुनिया में मशहूर करने के लिये प्रेस कान्फ्रेस बुलवायेंगें,ताकि उसकी नाक को भी उच्चत्तम ऊॅचा कर उसकी नाक को चारचान्द लग सके।

ऐसे में जिनकी नाक कट चुकी है वे विवाद भी करेंगे-तू महामूर्ख है जो अपनी नाक को पुरस्कारों से चकाचौंध कर रहा है,अरे अपनी नाक से मेरी नाक की तुलना कर रहा है,अरे तेरी नाक की औकात क्या है, मेरी नाक के आगे किसी की नाक की बराबरी करना ठीक नहीं। कहा तेरी नाक और कहॉ मेरी नाक ? चचचल हट पगले, ऐसा कहीं होता है कि कोई खानाबदोश आकर हमारी नाक काटे और हमें पता ही नहीं चले और हम नकटे जो जाये, जब हमारे ही अपने घर के लोग पूरी ताकत लगाकर नाक काटने को तैयार है और नाक है कि कटती ही नहीं? अअओर तू ही खामोखॉ कहता है कि भेईया पेपरों में इतना छपा,आपकी बड़ी बेईज्जती हो चुकी है और शहर के सामने आपकी नाक कट गयी,मैं इतना गॅवार थोड़े हूँ जो तेरी बात मान लूॅगा। मुझे मेरी अपनी नाक पर गर्व है कि ओर सुन मेरी ही नहीं मेरे घर-परिवार के हर व्यक्ति की नाक पर गुमान है,यह अलग बात है कि कुछ लोग नाक काटने का सोचकर कुछ भी छापते रहते है, उनके छापने से,सोसलमीडिया में रायता फैलाने से मेरी नाक पर मक्खे तक नहीं बैठती,फिर काटने की बात सपने में भी सोची नहीं जा सकती हैं। आये दिन मैं रोज देखता हूँ किसी न किसी की नाक को कटते हुये, जैसे नाक न हुई सॉप का बच्चा हो गयी, जो बढ़ा होने से पहले ही लोग देख ले तो बढ़ने नहीं देते, तुरन्त मार देते है।

## कविता
## आतंकवाद का घिनौना रूप...

घटती-घटना



मोनिका डागा
चेन्नई
तमिलनाडु

कुछ बद्दिमाग खूंखार
राक्षसों की काली करतूत,
मचाती हाहाकार,
कष्ट से हो जाता विश्व द्रवीभूत,
निहत्थों पर वार चलाना
कैसी शर्मनाक फितरत है ?
कायरता का जश्न मनाना
ये कैसी बेकार शोहरत है ?
खून का बदला खून से
क्या कर सकता भरपाई,
जिन्होंने अपने जीवन की
खोई अनमोल ईकाई,
जन्म लेगी नफ़रत और
भड़के की ज्यादा आग,
चलता रहेगा ये हत्याओं का
खूनी दर्दनाक फाग ।
थू थू करता जग सारा
तुम पर क्यों साख डुबोते हो ?
गड्ढा खोदते दूसरों के लिए
व खुद ही गड्ढे में गिरते हो,
बद्दुआओं में जीकर कौन सा
तीर मारा जीवन में ?
खून की नदियां बहाई
क्या मिला दहशत घुटन में ?
कैसी तालीम मिली तुमको
इंसानियत को ही भूल गए ?
अपने ही मुल्क को
बदनाम कर देश प्रेम को भूल गए ?
इस घृणित कर्म से न जाने
कितने सिपाही मारे जाएंगे ?
लाल वो भी धरा के
बेवजह क्रोध की बलि चढ़ जाएंगे ?
धर्म जाति के नाम पर लडाई
करवा गंदा खेल रचते हो ?
क्यों शांति, प्रेम,अमन सुकून को
कलंकित करते हो ?
थम जाओ छोड़ दो ये
हिंसा का दर्दनाक भयावह मंजर,
मासूमों के हाथ मत दो
तुम्हारी नफ़रत का खूनी खंजर ।
कसूरवार हो तुम क्यों ईष्या घृणा फैला कर
हंसते हो ?
किसी से प्रेम नहीं करते
बस अहम् को सिद्ध करते हो ?
जो करना होगा वो तो
देश की सरकारें निर्णय ले करेंगी,
जहर की इस फसल को
जड़ समेत ही उखाड़ फेंकेगी ।
कांप रही है ये कलम
आज आंखों की पलकें भी नम,
दुश्मनी की खाई क्यों नहीं
होती इतने वर्षों बाद भी कम,
सुरक्षित नहीं इंसान कहीं भी
इंसान ही बन बैठा दुश्मन,
आनंद नहीं जीवन में
बंढ़ी हर मन में चिंताएं उलझन ।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

# केंद्र सरकार आतंकवादियों के विरूद्ध करे कड़ी से कड़ी कार्रवाई

» भाजपा विधिक प्रकोष्ठ ने आतंकी हमले में मृत निर्दोषों को दी श्रद्धांजलि...

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकवादी हमले में मासूम और निर्दोष नागरिकों की निर्मम हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। यह बर्बर कृत्य न केवल मानवता के विरुद्ध अपराध है, बल्कि भारत की सामाजिक एकता और धार्मिक सौहार्द पर सीधा प्रहार है। इस अमानवीय घटना के विरोध में तथा मृतकों की आत्मा की शांति के लिए भाजपा विधिक प्रकोष्ठ सरगुजा द्वारा गुरुवार को जिला न्यायालय परिसर अम्बिकापुर में श्रद्धांजलि सभा का



आयोजन किया गया।

सभा में उपस्थित अधिवक्ताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, और ऐसे हमले समूचे राष्ट्र को एकजुट होकर आतंकवाद के विरुद्ध दृढ़ संकल्पित होने की प्रेरणा देते हैं। सभा को संबोधित करते हुए अशोक दुबे ने कहा कि भाजपा विधिक प्रकोष्ठ देश की सुरक्षा, अखंडता और शांति के लिए न्याय के पथ पर सतत कार्य करता रहेगा। साथ ही यह मांग की गई कि केंद्र सरकार आतंकवादी हमले के दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्रवण गुप्ता,उदय सिन्हा, सतीश मिश्रा,धनंजय मिश्रा,आशा तिवारी, आशा जयसवाल,रेखा सोनी,अनुराधा ध्रुव, उर्मिला दुबे,मानो शर्मा,कृष्णा विश्वकर्मा, प्रियेश सिंह,पूजा बारी, लिला सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# अध्ययन में सुविधा के लिए दृष्टिबाधित छात्रों के बीच वितरण किए गए मोबाइल



- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

कलेक्टर विलास भोसकर द्वारा गुरुवार को दृष्टिबाधित स्कूली बच्चों को एंड्रॉयड मोबाइल फोन,की-पेड, हेडफोन, एडाप्टर प्रदान किया गया। समग्र शिक्षा के नवाचारी योजना अंतर्गत बच्चों को यह उपकरण प्रदान किए गए। कलेक्टर ने बच्चों से उनके शैक्षिक गतिविधियों,स्वास्थ्य के संबंध में चर्चा की तथा संबंधित शिक्षकों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने बच्चों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने हेतु डीएमसी समग्र शिक्षा को निर्देश दिए।

छात्रों को इन उपकरणों के माध्यम से अध्ययन में सुविधा मिलेगी। मोबाइल के टॉक बैक के माध्यम से सुगमता से अध्ययन का कार्य कर सकेंगे। लाभान्वित दृष्टिबाधित बच्चो में विकासखण्ड अम्बिकापुर के महेन्द्र सिंह तथा विकासखण्ड उदयपुर के हायर सेकेण्डरी स्कूल सलका की पुनिता,हाई स्कूल सोनतराई की राधे,माध्यमिक शाला घुंचापुर की देवमुनी शामिल है। इसी प्रकार विकासखण्ड लखनपुर से हाई स्कूल चांदो की दुलेश्वरी एवं हाई स्कूल अंधला की अंजली, विकासखण्ड बतौली से हाई स्कूल महेशपुर से प्रिन्सी,अभय,सुनिता, रोहित,शिवनाथ,भानु कुमार,दिनेश कुमार,आयुष को उपकरण प्रदान किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर सुनील नायक, एएल ध्रुव, जिला मिशन समन्वयक रवि शंकर तिवारी, एपीसी दिनेश शर्मा उपस्थित रहे। वही बच्चों के साथ बीआरपी,स्पेशल एजुकेटर उपस्थित थे।

# दो सडक़ हादसे में बाइक सवार 4 युवकों की मौत,1 का चल रहा उपचार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 24 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

दो सडक़ हादसे में मोटरसायकल सवार 4 लोगों की मौत हो गई, एक घायल का उपचार जारी है। पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया है।

पुलिस ने बताया लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर का शंकर राम मझवार पिता स्व.सुखराम मझवार 23 वर्ष,अपने चचेरा भाई लक्ष्मण मझवार पिता शोभन राम 16 वर्ष के साथ 23 अप्रैल को अपरान्ह करीब 3 बजे मोटरसायकल से लखनपुर बाजार जाने की बात कहकर घर से निकला था। लखनपुर के नवापारा चौक से कुछ फासले पर देर रात 1 बजे वे सडक़ हादसे का शिकार हो गए। रास्ते से गुजर रहे राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर की नजर घायल अवस्था में पड़े मोटरसायकल सवारों पर पड़ी और इन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचवाया। आपातकालीन चिकित्सा परिसर में जांच के बाद चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।





एक अन्य घटना में उत्तर प्रदेश के बभनी थाना अंतर्गत ग्राम सामोबांध पोंगा निवासी राजकुमार पण्डो पिता स्व. रामजीत पण्डो 35 वर्ष की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया मृतक राजकुमार पण्डो मोटरसायकल से रिश्तेदारी में चूनापाथर से डिण्डो थाना क्षेत्र के ग्राम डुगरू बारात में शामिल होने 22 अप्रैल को आया था। उसके साथ मोटरसायकल में अरविन्द व एक अन्य युवक भी सवार थे। सनावल थाना क्षेत्र के ग्राम सतवाही में इन्हें अज्ञात वाहन का चालक ठोकर मार दिया था,जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। अरविन्द और राजकुमार को प्राथमिक चिकित्सा के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया था, यहां इलाज के दौरान 23 अप्रैल की शाम 4.30 बजे राजकुमार की मौत हो गई। दोनों मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। मृतकों के शव को पुलिस ने स्वजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## नेशनल हाईवे 130 नवापारा में अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार दो युवकों की हुई मौत

- संवाददाता -
लखनपुर,24 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र के अंबिकापुर बिलासपुर नेशनल हाईवे 130 स्थित नवापारा संगवारी अस्पताल के सामने 23 व 24 अप्रैल की दरमियानी रात लगभग 12:30 बजे अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को ठोकर मार दी। बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार हेतु अंबिकापुर



मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर उपचार हेतु भेजा गया।जहां उपचार के दौरान दोनों युवकों की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक शंकर राम पिता पुसूत राम मझवार 25 वर्ष लक्ष्मण राम पिता सोभन राम 20 वर्ष निवासी मोहनपुर थाना लखनपुर निवासी बाइक में सवार होकर लखनपुर पेट्रोल पंप से तेल लेकर वापस आने के दौरान नेशनल हाईवे 130 नवापारा संगवारी अस्पताल के सामने विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वहान के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को जोरदार ठोकर मार दी।बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरे और सर और शरीर में गंभीर चोटे आई। स्थानीय लोगों के द्वारा डायल 112 और एंबुलेंस को फोन किया। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को उपचार हेतु अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान दोनों युवकों की मौत हो गई। परिवार नों को जानकारी होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर पहुंचे। पुलिस ने 24 अप्रैल दिन गुरुवार को मृतकों के सवों का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। घटना के बाद से परिवारजनों में शोक का माहौल व्याप्त है। वहीं लखनपुर पुलिस घटना के बाद से मामले की जांच में जुटी है।

# राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत कंठी में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### जिले में 71 ग्राम पंचायत में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ

» मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जल संरक्षण हेतु दिलाया संकल्प...

» अब ग्राम पंचायत के एक छत के नीचे ही डिजिटल माध्यम से ग्रामीणों को प्राप्त होगी सभी सुविधाएं...

» पहले ही दिन श्री ठाकुर प्रसाद एवं श्रीमती राजकुमारी ने डिजिटल सुविधा केंद्र के माध्यम से निकाली राशि...

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री विजय शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों का शुभारंभ किया। जिले के ग्राम पंचायत कंठी में जिला स्तरीय अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की शुरुआत की गई। शुरुआत के पहले दिन ही अटल डिजिटल सुविधा का लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है, श्री ठाकुर प्रसाद वृद्धा पेंशन एवं श्रीमती राजकुमारी ने महतारी वंदन योजना की राशि को अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से निकाली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस पर पंचायत प्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए भू जल स्तर को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों को जल संरक्षण हेतु संकल्प दिलाया।

इस अवसर छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्वविजय सिंह तोमर,कलेक्टर श्री








विलास भोसकर,जिला पंचायत सीईओ श्री विनय अग्रवाल जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पायल सिंह तोमर,जनपद अध्यक्ष विक्रम सोनपाकरे, जनपद उपाध्यक्ष श्री सतीश यादव, सरपंच श्रीमती ज्योति सिंह पैकरा, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बताया कि प्रदेश के 1460 ग्राम पंचायतों को अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से जोड़ा गया है जिससे ग्रामीणों को अब बहुत सारी सुविधाएं ग्राम पंचायत में ही एक ही छत के नीचे मिल सकेंगी। ग्रामीण अपने खाते से आसानी से पैसे निकाल सकेंगे, अपने खाते से किसी अन्य के खाते में पैसे भेज सकेंगे, बिजली-पानी बिल का भुगतान कर सकेंगे तथा पेंशन-बीमा जैसी अनेक सुविधाओं का लाभ अपने पंचायतों में ही ले सकेंगे। अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के लिए कॉमन सर्विस सेंटर के सेवा प्रदाताओं और सरपंचों के बीच पहले ही एमओयू हो चुका था। इन सुविधा केंद्रों के आरंभ होने से ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए विकासखंड और जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। गांव में ही उन्हें विभिन्न सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। वहीं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने इस अवसर पर कहा था कि पंचायतों में वित्तीय सुविधा को बढ़ावा देने के लिए अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र एक मील का पत्थर साबित होगा। इनसे निश्चित ही एक ही स्थान पर रेलवे टिकट बुकिंग, छात्रवृत्ति, पेंशन और महतारी वंदन योजना की राशि आहरण की सुविधा ग्राम पंचायतों में ही उपलब्ध होगी। ग्राम पंचायत कंठी की सरपंच ज्योति सिंह पैकरा ने बताया कि हमारे ग्राम पंचायत में अटल डीजिटल सुविधा केन्द्र खोला गया है। इससे हमारे महिलाओं को बहुत सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि गांव में बैंक नहीं है बैंकिंग कार्य के लिए उनको अम्बिकापुर जाना नहीं पड़ता था। अब ग्राम पंचायत में डिजिटल सुविधा केंद्र होने से आवास का पैसा,पेंशन,महतारी वंदन का पैसा गांव में मिल जाएगा। इस योजना के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया।

जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल ने बताया कि पंचायती राज दिवस के अवसर पर राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में 71 ग्राम पंचायत में अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों का शुभारंभ किया गया है। इसमें नागरिकों को जो मूलभूत कैश ट्रांजैक्शन की सुविधा है वह उनके ग्राम पंचायत में मिलेगी उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत जोभी राशि उनके खाते में आती है, अब उनको बैंक में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी,वे इन पंचायतों में ही कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से अपनी नगद राशि प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आज मोर गांव,मोर जल महाअभियान का शुभारंभ किया गया है इसके तहत भू जल स्तर को बढ़ाने के लिए ग्राम पंचायत को आवश्यक संरचनाएं निर्मित किए जाएंगे उसके लिए भी निर्देश दिया गया है और इसके लिए हम सभी अच्छे से प्रयास करेंगे जिससे जिले का भू जल स्तर अच्छे से बढ़या जा सके। शासन की इस पहल से डिजिटल इंडिया और ग्रामीण समावेशी विकास की दिशा में एक प्रभावशाली कदम साबित होगा, जिससे गांवों में सुगमता से सुविधाएं उपलब्ध होंगी और ग्रामीण जीवन में परिवर्तन आएगा।

## राज्यपाल एकदिवसीय दौरा, विभागीय अधिकारियों की लेंगे समीक्षा बैठक

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

राज्यपाल रमेन डेका एकदिवसीय प्रवास पर शुक्रवार को अम्बिकापुर मे रहेंगे। सुबह 8:30 बजे सर्किट हाउस



बलरामपुर से अम्बिकापुर हेतु रवाना होंगे। 10 बजे सैनिक स्कूल अंबिकापुर पहुंचकर छात्र-छात्राओं के साथ शैक्षणिक गतिविधियो पर संवाद करेंगे तथा राष्ट्र निर्माण मे युवाओं की भूमिका पर संबोधित करेंगे। इसके उपरांत वे 11:15 बजे सर्किट हाउस अंबिकापुर के लिए रवाना होंगे। 11:30 बजे से दोपहर 3:55 तक का समय आरक्षित रहेगा। जिसके पश्चात 3:55 बजे वे जिला कलेक्टरेट हेतु रवाना होंगे तथा 4 बजे कलेक्टरेट कार्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण करेंगे। तत्पश्चात् जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ विकास कार्यो की समीक्षा बैठक लेंगे। शाम 6 बजे राज्यपाल रमेन डेका केंद्र शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन का स्थल निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात सायं 6:30 बजे से रात्रि 10:10 बजे तक का समय सर्किट हाउस अंबिकापुर में आरक्षित रहेगा। रात्रि 10:10 बजे वे रेलवे स्टेशन अंबिकापुर के लिए रवाना होंगे, जहा से 10:30 बजे रायपुर के लिए रेल मार्ग से प्रस्थान करेंगे।

# पहाड़ी कोरवा जनजाति ढोढ़ी का पानी पीने को मजबूर अधिकारियों और ठेकेदार के लापरवाही के कारण जल जीवन मिशन योजना का नहीं मिल रहा लाभ

» विगत 5 महीना से ढोड़ी के पानी पर आश्रित

- मनोज कुमार -
लखनपुर,24 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड में शासन प्रशासन के विकास के दावे झूठ साबित हो रहे हैं वनांचल क्षेत्र में जमीन हकीकत कुछ और ही नजर आती है। एक ओर जहां अधिकारी एसी युक्त भवन में बैठकर बंद बोतलों की पानी पीने से गुरेज नहीं करते तो वहीं दूरी ओर पहाड़ी कोरवा परिवार ढोढ़ी का पानी पीने विवश नजर आ रहे हैं। पूरा मामला लखनपुर विकासखंड अंतर्गत अंतर्गत ग्राम लवजी कोरवा पारा का है जहां 40 घर के परिवार पहाड़ी कोरवा जनजाति के लोग निवासरत है। हैंड पंप से लाल फ्लोराइड युक्त पानी निकालने और जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन से पानी उपलब्ध नहीं होने से विगत 5 महीने से पहाड़ी कोरबा परिवार ढोढ़ी का पानी पीने को मजबूर है। अधिकारियों और ठेकेदार की लापरवाही के कारण जल जीवन मिशन योजना धरातल में फेल नजर आ रहा है। जल जीवन मिशन योजना का लाभ इन पहाड़ी कोरवा परिवार को नहीं मिल पा रहा है। ढोढ़ी का पानी पीने से पहाड़ी कोरबा परिवार कई प्रकार के बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम लवजी में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत लाखों रुपए खर्च कर पानी टंकी का निर्माण किया गया और पाइपलाइन का विस्तार कर घर-घर नल कनेक्शन दिया गया है। परंतु नल से पानी नहीं निकल रहा है वहीं हैंडपंप से लाल फ्लोराइड युक्त पानी निकालने के कारण वह पीने युक्त नहीं है जिस कारण मजबूरन पहाड़ी कोरबा परिवार ढोढ़ी का पानी पीने मजबूर है। अब देखने वाली बात होगी कि शासन प्रशासन की ओर से पहाड़ी कोरबा परिवारों के पीने के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कब तक कर पाती है या फिर ढोड़ी के पानी पर आश्रित होना होगा।







# आंखें खुली थीं, सांसें चल रही थी...



» अंतिम क्षणों में क्या कर रहे थे पोप,डॉक्टर ने बताई पूरी कहानी

रोम,24 अप्रैल 2025। पोप फ्रांसिस के डॉक्टर ने बताया कि सोमवार सुबह जब उन्हें वेटिकन बुलाया गया,तो उन्होंने पोप की आंखे खुली देखीं और उन्हें सामान्य रूप से सांस लेते हुए पाया। हालांकि,वह कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहे थे। उन्होंने यह जानकारी गुरुवार को इटली के एक अखबार कोरिएरे डेला सेरा को दी।

डॉक्टर सर्जियो अल्फिएरी ने पोप फ्रांस का पांच हफ्तों तक अस्पताल में दोहरे निमोनिया का उपचार किया था और जब 23 मार्च को पोप वेटिकन लौटे तो उनके स्वस्थ होने तक उनकी देखभाल करते रहे। पोप के स्वास्थ्य सहायक मासिमिलियानो स्ट्रापेट्टी ने सोमवार की सुबह साढ़े पांच बजे डॉक्टर अल्फिएरी को फोन किया और बताया कि पोप की तबीयत अचानक बिगड़ गई है और उन्हें अस्पताल ले जाना होगा। डॉक्टर ने कहा कि वह बीस मिनट बाद उनके पास पहुंचे।

डॉक्टर ने कहा,जब मैं उनके कमरे में गया, तो उनकी आंखें खुली थीं। मुझे लगा कि उन्हें सांस लेने में कोई दिक्कत है, इसलिए मैंने उन्हें आवाज दी, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। मैंने उन्हें दर्द देकर भी जगाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। उसी पल मुझे समझ में आ गया कि अब कुछ नहीं किया जा सकता। वह कोमा में थे।

अल्फिएरी ने बताया कि उन्हें दोबारा अस्पताल ले जाना बहुत जोखिम भरा था, क्योंकि वहां उनका पहले भी गंभीर श्वसन संक्रमण का उपचार हुआ था,जिससे वो दो बार मरते-मरते बचे थे। उन्होंने कहा,पोप जतब जेमेली अस्पताल में थे तो हमेशा कहते थे कि वह घर पर ही मरना चाहते हैं। पोप को स्ट्रोक आया और दो घंटे बाद उनकी मौत हो गई। कार्डिनल पिएत्रो पेरोलिन पहुंचे और पोप के पार्थिव शरीर के पास रोजरी की प्राथना की,जिसमें पोप के घर के कर्मचारी भी शामिल थे।

डॉक्टर ने बताया,मैंने उन्हें आखिरी विदाई के तौर पर एक हल्का सा स्पर्श दिया। वेटिकन न्यूज ने बताया कि जब पोप बीमार हुए, तब उन्होंने अपने सहायक स्ट्रापेट्टी को विदाई के लिए इशारा किया और जो लोग उनके पास थे,उन्होंने बताया कि उन्हें कोई दर्द महसूस नहीं हो रहा था। पोप का अंतिम संस्कार शनिवार को होगा, जिसमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की सहित दुनियाभर के नेता शामिल होंगे।

# स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में सीसीएम की स्वशासी समिति की बैठक संपन्न

» मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन भवन को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया...

» स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु रेडियोलॉजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट स्पेशलिस्ट डॉक्टर की व्यवस्था पर दिया जोर...

» मेडिकल कॉलेज में सीसीटीवी एवं अन्य सुविधाओं का होगा विस्तार

» पारदर्शिता हेतु सिंगल विंडो सिस्टम प्रारंभ की जाएगीः मंत्री श्री जायसवाल





- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर एवं संबद्ध चिकित्सालय की स्वशासी समिति की महत्वपूर्ण बैठक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने महा विद्यालय में उपलब्ध चिकित्सकीय व शैक्षणिक सुविधाओं की समीक्षा करते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विधायक अंबिकापुर श्री राजेश अग्रवाल, विधायक लुण्ड्रा श्री प्रबोध मिंज, विधायक सीतापुर श्री रामकुमार टोप्पो, गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष श्री अनुराग सिंह देव,निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत,स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री अमित कटारिया, कलेक्टर श्री विलास भोसकर, संचालक स्वास्थ्य शिक्षा विभाग, संचालक स्वास्थ्य सेवाएं,मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. अविनाश मेशराम, संभागीय स्वास्थ्य संचालक डॉ. अनिल शुक्ला,सी एम एच ओ डॉ. पी.एस. मार्को एवं अन्य जन प्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज भवन को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने रेडियो लॉजिस्ट, कार्डियो लॉजिस्ट एवं अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति कर स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तार देने पर बल दिया। बैठक में यह भी तय किया गया कि मेडिकल कॉलेज में सीसीटीवी,स्मार्ट क्लासरूम, कॉन्फ्रेंस सिस्टम और अन्य आधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।इस अवसर पर चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में सुविधाओं की स्थापना और सुधार पर विचार किया गया जिसमें सीसीटीवी कैमरा और सुरक्षा व्यवस्था,लेक्चर हॉल में इंटरएक्टिव पैनल,एग्जाम हॉल में एयर कंडीशनर,छात्रावास में वाटर कूलर,वॉटर प्यूरीफायर और अग्निशमन यंत्र,काउंसिल हॉल में ऑडियो-वीडियो कॉन्फ्रेंस सिस्टम,ई-ऑफिस हेतु कंप्यूटर, इंटरनेट, लॉन्ड्री मशीन,जनरेटर सेट,ई-टोकन सिस्टम, सीटी स्कैन,एमआरआई मशीन और इलेक्ट्रिक व्हीकल, बोरवेल खनन एवं पेयजल, शौचालय व प्रकाश व्यवस्था, विद्यार्थियों के लिए स्मार्ट क्लासरूम और इंडोर स्पोर्ट्स कोर्ट,मरीजों की सुविधा हेतु हाई मास्क लाइट, एप्रोच रोड व सुरक्षा गार्ड की तैनाती जैसे विषयों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने प्रबंधन संबंधी कार्यों में विलंब ना हो यह सुनिश्चित करने को कहा और मेडिकल कॉलेज में स्टाफ की शीघ्र नियुक्ति के निर्देश भी दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देते हुए जनता को सुलभ, पारदर्शी और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में स्वशासी समिति के बजट, वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के आय-व्यय,क्रय-विक्रय की प्रक्रिया,ऑडिट देयक, सेमिनार और वार्षिक उत्सव कार्यक्रमों के खर्चों की स्वीकृति, तथा तृतीय बैठक की कार्यवाही विवरण पर भी चर्चा की गई और कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

### पारदर्शिता के लिए सिंगल विंडो सिस्टम

मंत्री श्री जायसवाल ने वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु सिंगल विंडो सिस्टम प्रारंभ करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अब सभी भुगतान जेम पोर्टल और सॉफ्टवेयर ऐप के माध्यम से ऑनलाइन किए जाएंगे, जिससे खर्च की निगरानी और पारदर्शिता बनी रहेगी। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक खर्च जनता के सामने पारदर्शी तरीके से प्रस्तुत हो।

### मेडिकल कॉलेज छात्रावास का किया निरीक्षण

स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने इस दौरान मेडिकल कॉलेज छात्रावास का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्रों से चर्चा कर पढ़ाई एवं दी जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने छात्रों से उनकी समस्या के सम्बन्ध में भी चर्चा की तथा आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली।

## स्वास्थ्य सुविधा के विस्तार को लेकर भाजपा नेता ने स्वास्थ्य सचिव को सौंपा ज्ञापन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

भाजपा नेता कैलाश मिश्रा ने सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अमित कटारिया को ज्ञापन सौंपकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल अम्बिकापुर में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा के विस्तार किए जाने की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि ट्रामा सेंटर के भवन का जो निर्माण हुआ है वह ट्रामा सेंटर के मानक अनुरुप नहीं है। जिससे मेडिकल कॉलेज अस्पताल उसे अपने आधिपत्य में नहीं ले रहा है जिससे ट्रामा सेंटर के शुरुआत में ही अड़चनें आ गई है, जिसे शीघ्र दूर कर ट्रामा सेंटर की स्थापना आवश्यक है। वर्ष 2017-18 में आई बैंक की स्थापना हेतु 25 लाख रुपये की राशि शासन द्वारा प्रदाय की गई थी। परन्तु 7 वर्ष बीत जाने के बाद भी इसकी शुरुआत नहीं हो सकी है। जबकि सरगुजा जिले से लगभग 30 लोग नेत्र दान की घोषणा कर चुके हैं कई लोगों ने डोनेट किया भी है। ऐसे स्थिति में अस्पताल को आई बैंक बिलासपुर का सहारा लेना पड़ाता है। ब्लड सेप्रेटर की मशीन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आकर लगभग 1 साल से रखी हुई है, परन्तु लायसेंस के अभाव में इसका उपयोग नहीं किया जा रहा है। इसकी लायसेंस की प्रक्रिया अतिशीघ्र पूरी करने की मांग की है।

## खाद्य प्रतिष्ठनों,ठेले-खोमचों आदि की जांच हेतु संयुक्त टीम गठित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

अम्बिकापुर स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों,ठेले-खोमचों, पेय पदार्थ विक्रेताओं द्वारा साफ-सफाई नहीं रखने एवं गुणवत्ताविहीन खाद्य सामग्री प्रदाय किए जाने की शिकायतों के मद्देनजर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अम्बिकापुर एवं सह अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने आदेश जारी किया है। जिसमें खाद्य एवं औषधि प्रशासन के खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरआर देवांगन एवं प्रशान्त कुमार तिवारी तथा नगर निगम अम्बिकापुर के स्वच्छता निरीक्षक शक्ति पाण्डेय को संयुक्त टीम बनाकर उपरोक्त प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है।

## बीच-बचाव करने गए ग्रामीण पर डंडे से हमला,केस दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।



धौरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पड़ौली से कुन्दीकला बारात गए युवकों से लड़ाई-झगड़ा होते देखकर बीच-बचाव करने गए ग्रामीण के सिर में एक युवक ने डंडे से वार कर दिया, जिसमें उसे गंभीर चोटें आई है। पड़ौली निवासी सुनील कुमार गोड़ ने पुलिस को बताया है कि 21 अप्रैल को गांव के विजय मरकाम के बारात में गांव के लोगों के साथ वह कुन्दीकला गया था। बारात के साथ वे रात लगभग 08 बजे पहुंचे थे। वैवाहिक कार्यक्रम में विलम्ब होने के कारण वह अपने साथी राजकुमार एवं विनोद के साथ रात लगभग 11 बजे अपने मामा गयाराम मराबी के घर जा रहा था। इस दौरान स्कूल मैदान में जहां जयमाला होना था, वहां पड़ौली से बाराम में आए गांव लडक़ों के साथ कुन्दीकला के लडक़े किसी बात को लेकर लड़ाई-झगड़ा कर रहे थे। गांव के सोबिन राम, चंद्रिका सहित अन्य बारातियों के साथ वह भी बीच-बचाव करने गया। इस दौरान गांव का पप्पु बरगाह गाली-गलौज करते हुए पीछे से उसके सिर में डंडा से वार कर दिया, जिससे कटकर खून निकले लगा। मारपीट करने के बाद आरोपी वहां से भाग गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।

## ट्रक का चक्का सहित अन्य सामान चोरी करके भागा चालक

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

मणीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रांसपोर्टर के ट्रक में लगे चक्का सहित अन्य सामान चोरी करके चालक फरार हो गया। महासमुंद जिला के तुमगांव थाना अंतर्गत ग्राम खैरझिटी के ट्रांसपोर्टर जीराखन पटेल पिता दुलरवा पटेल ने पुलिस को बताया है कि 22 अप्रैल को महाकाल ट्रांसपोर्ट से मोबाइल पर सूचना मिली कि उनका ट्रक क्रमांक सीजी 4 पीएन 0188 अग्रवाल ट्रांसपोर्ट, रिंग रोड में लक्ष्मी होटल के पास खडा है और ट्रक के पीछे के दोनों चक्का का चारों टायर नहीं है। इसकी सूचना मिलने पर वह मौके पर गया तो ट्रक का 4 टायर, 3 तिरपाल, 1 जैक और लोहे का रॉड नहीं था। ट्रक का चालक सोनू उरई पिता मूलचंद उरई भी गाड़ी में नहीं मिला। ट्रक संचालक ने चालक पर ही ट्रक के चक्का सहित अन्य सामानों को चोरी करके भाग जाने का संदेह व्यक्त किया है। चोरी गए सामानों की कीमत लगभग 30 हजार रुपये बताई गई है। रिपोर्ट पर पुलिस अपराध दर्ज करके मामले की जांच कर रही है।

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में शुरू हुई MRI सेवा

» स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया एमआरआई सेंटर का शुभारंभ...

» मेडिकल कॉलेज अस्पताल का किया औचक निरीक्षण,मरीजों से लिया स्वास्थ्य सेवाओं पर फीडबैक







- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

सरगुजा संभाग के लाखों लोगों के लिए एक बड़ी स्वास्थ्य सुविधा की शुरुआत करते हुए राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बुधवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अम्बिकापुर में बहुप्रतीक्षित एमआरआई (मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग) सेवा का विधिवत पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। इस दौरान सांसद श्री चिंतामणि महराज ,विधायक अंबिकापुर श्री राजेश अग्रवाल,विधायक लुण्ड्रा श्री प्रबोध मिंज, विधायक सीतापुर श्री रामकुमार टोप्पो, गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष श्री अनुराग सिंह देव,निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री अमित कटारिया,कलेक्टर श्री विलास भोसकर,मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. अविनाश मेशराम,संभागीय स्वास्थ्य संचालक डॉ. अनिल शुक्ला, सीएमएचओ डॉ. पी.एस. मार्को एवं अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार

स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सतत् सुधार और विस्तार की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि एमआरआई सुविधा शुरू होने से सरगुजा, बलरामपुर, जशपुर, कोरिया जैसे जिलों के मरीजों को अत्याधुनिक जांच की सुविधा अब अंबिकापुर में ही मिल सकेगी। इससे रायपुर और बिलासपुर जैसे बड़े शहरों पर निर्भरता अब कम होगी और समय व धन दोनों की बचत होगी। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर में एमआरआई जांच की दरें राज्य के अन्य सरकारी मेडिकल कॉलेजों के अनुरूप ही रखी गई हैं। प्लेन एमआरआई की दर 3500 रुपये तथा कांट्रास्ट एमआरआई की दर 5000 रुपये निर्धारित की गई है। निजी सेंटरों में यह दरें दो से तीन गुना अधिक होती हैं,जिससे मरीजों पर भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। अब ये सुविधा आपके शहर अम्बिकापुर में मिलेगी। उन्होंने बताया कि अस्पताल में स्थापित की गई एमआरआई मशीन 1.5 टेस्ला क्षमता की है,जिसे विश्वप्रसिद्ध जीई विप्रो कंपनी द्वारा स्थापित किया गया है। इस मशीन की स्थापना पर कुल 14 करोड़ रुपये की लागत आई है, जिसमें से 7 करोड़ रुपये का योगदान एसईसीएल ने सीएसआर फंड के माध्यम से किया है।

स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने बताया कि विगत वर्षों से एमआरआई सेवा की मांग की जा रही थी,लेकिन बजट और निविदा प्रक्रिया में विलंब के कारण यह कार्य लंबित था। राज्य शासन के प्रयासों से आज यह सेवा सरगुजा वासियों के लिए उपलब्ध हो पाई है, जो निश्चित रूप से एक बड़ी उपलब्धि है।

### अस्पताल का औचक निरीक्षण और मरीजों से संवाद

स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया और अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सकों की उपस्थिति,दवाओं की उपलब्धता तथा उपकरणों की स्थिति की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों व उनके परिजनों से सीधे संवाद कर अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रदेश की जनता को सुलभ,सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस दिशा में और भी कई योजनाएं जल्द ही आरंभ किए जाएंगे।

## सोसायटी संचालक से 6 लाख 14 हजार की ऑनलाइन ठगी



संवाददाता -
अंबिकापुर,24 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

सोसायटी संचालक के मोबाइल पर इंटरनेट बैंकिंग एप्प अपडेट कराने का लिंक आया था। उस लिंक को सोसायटी संचालक द्वारा क्लिक करने व प्रोसेस करने के बाद उसके खाते से 6 लाख 14 हजार रुपए कट गए। सोसायटी संचालक ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार विनोद कुमार सिंह गांधीनगर थाना क्षेत्र के पटपरिया कॉलोनी नमनाकला का रहने वाला है। वह सोसायटी का संचालन करता है। इसका बैंक ऑफ महाराष्ट्रा शाखा नमनाकला में बचनक खाता है। 23 अप्रैल को इसके मोबाइल पर इंटरनेट बैंकिंग एप्प अपडेट कराने का लिंक आया था। उसने उक्त लिंक को क्लिक किया और रजिस्टर किया। इसके बाद 1 घंटे इंतजार करने को कहा गया। इसके बाद उसके मोबाइल पर ओटीपी आने लगा। सोसायटी संचालक द्वारा किसी को ओटीपी नहीं बाया था। शाम लगभग 5 से 5.30 बजे के बीच तीन बार में इसके खाते से 6 लाख 14 हजार रुपए कट गए। 6 लाख 14 हजार रुपए ऑनाइन ठगी के शिकार होने पर उसके होश उड़ गए। वह तत्काल बैंक को टोल फ्री नंबर पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद सोसायटी संचालक ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 66 डी व 318 (4) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।




## नौकरी दिलाने का झांसा देकर दंपति ने दो सहेलियों से ठगे 5.50 लाख रुपए... रिपोर्ट दर्ज,जांच में जुटी लखनपुर पुलिस

- संवाददाता -
लखनपुर,24 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नौकरी दिलाने का झांसा देकर दंपति ने दो सहेलियों से साढे 5 लख रुपए ठगी करने का मामला सामने आया है। वहीं लखनपुर पुलिस रिपोर्ट दर्ज करते हुए मामले की जांच में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक श्रीमती उषा दास पति विजय दास 40 वर्ष ग्राम लोषगा थाना लखनपुर निवासी को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता 3.50लाख और उसकी सहेली रुक्मणी सिरदार पिता सुमार साय सिरदार ग्राम कुंवरपुर थाना लखनपुर निवासी को सुपरवाइजर की नौकरी दिलाने का झांसा देकर 2लाख रुपए सीतापुर के दंपति चेतन पड़वार पिता परशुराम, ममता दास पति चेतन पड़वार के द्वारा साढे 5.50 लाख रुपए ठगी कर लिया गया। नौकरी नहीं लगाने और पैसा वापस मांगने पर ठग दंपति ने प्रार्थीया महिला को गाली गलौज कर मारने पीटने की धमकी देने लगा प्रार्थीया उसा दास पति विजय दास ने 23 अप्रैल दिन बुधवार की रात लगभग 7:30 बजे लखनपुर थाना पहुंच रिपोर्ट दर्ज कराने आवेदन दिया गया। लखनपुर पुलिस धारा 318 (3)3(5 ) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज करते हुए मामले की जांच में जुटी है।

# विश्व पृथ्वी दिवस 2025 के अवसर पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केन्द्र चोपड़ा पारा अम्बिकापुर के द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस 2025 के अवसर पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। वरिष्ठ समाजसेवी मंगल पाण्डेय ने कहा कि मनुष्य के द्वारा पृथ्वी के अस्तित्व को ह्रास करने में मानवीय गतिविधियां ही कारक हैं।मानवीय गतिविधियों के कारण उत्पन्न विषम परिस्थितियों के संकट से आज पूरा विश्व जूझ रहा है। पृथ्वी दिवस का संबंध पर्यावरण संरक्षण से है। लगातार पर्यावरण के विभिन्न संघटकों में होने वाला रूपांतरण ,पादप एवं प्राणी प्रजातियों का विनाश एवं प्रतिस्थापन, अंधाधुंध रासायनिक उर्वरकों ,कीट नाशकों का प्रयोग, वायु मण्डलीय गैसों के अनुपात में परिवर्तन,, अद्योगिक विस्तार, शहरीकरण,,भूसंख्लन ,खनिज उत्खनन, प्लास्टिक,पेड़-पौधे की कटाई के कारण पर्यावरण का संतुलन बिगड़ गया है। जिससे हमारा पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। इस चुनौतीपूर्ण संकट के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सन् 1970 से प्रत्येक वर्ष 22अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है।आज हम सब इसी दिशा में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की पहल किए। युवा उर्जावान समाजसेवी अनिल कुमार मिश्रा मुख्य कार्यकारी छत्तीसगढ़ प्रचार एवं विकास संस्थान अम्बिकापुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि पृथ्वी शब्द से ही मानवता एवं पूरे समाज में एकता का संदेश जाता है पृथ्वी का संरक्षण ही मानवता की सच्ची सेवा होगा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केन्द्र अम्बिकापुर की मुख्य संचालिका बी के विद्या दीदी ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी अपने नकारात्मक सोच, भौतिक सुख - सुविधाओं की ललक, संसाधनों की अत्यधिक उपयोग, संरचनात्मक विकास, रासायनिक पदार्थों एवं कार्बन के उत्सर्जन के कारण पर्यावरण असंतुलित हो गया है। उन्होंने कहा हमें प्रकृति को रोज धन्यवाद देना चाहिए तथा राजयोग मेडिटेशन के द्वारा पवित्र विचारों से प्रकृति को पावन वाइब्रेशन देना है तभी प्रकृति हमारी सुरक्षा करेगी। पर्यावरण को संरक्षित करने की दिशा में ही प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केन्द्र चोपड़ा पारा अम्बिकापुर के प्रांगण में पौधे लगाकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर सेवानिवृत्त सिंचाई विभाग के अधिकारी सुनील कुमार रवि ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केन्द्र अम्बिकापुर के द्वारा फलदार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक पहल किया गया । आज बढ़ता हुआ तापमान, घटता हुआ भूजल स्तर, अनियमित मानसून,जैव विविधता में कमी पर्यावरण प्रदूषण के ही परिणाम है। अतः पृथ्वी , पर्यावरण एवं जैव विविधता का संरक्षण करना हम सभी का परम कर्तव्य होना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज सेवा केन्द्र के उपस्थित भाई - बहनों एवं शहर के स्वैच्छिक संगठनों का सराहनीय योगदान रहा।



# वनोपज पर संकट से बेबस हुए वनांचल ग्रामीण परिवार,इधर मनरेगा में काम नही

# 6 माह से मजदूरी भुगतान भी लंबित





- वनांचल क्षेत्र के ग्रामीण मजदूरों को मौसम के साथ सरकार की भी दोहरी मार,विवाह के सीजन में आर्थिक संकट की स्थिति
- जिले के मनरेगा मजदूरों को 6 माह से नही मिली मजदूरी,हितग्राही मूलक कार्यों में भारी गिरावट
- खराब मौसम महुए की शुरुवात के समय हुई बारिश से प्रभावित हुआ हुआ
- महुआ सहित अन्य वनोपज क्षेत्र अधिकांश वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों की आय का मुख्य स्रोत है वनोपज

## डबल इंजन की सरकार में मजदूरी का संकट:पूर्व विधायक




पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने मनरेगा के तहत 6 माह से मजदूरी भुगतान लंबित होने के मामले पर सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार मजदूरों को मजदूरी नही दे पा रही यह बहुत खेद का विषय है,रोजगार मूलक काम मे भी भारी गिरावट है, डबल इंजन की सरकार पूरी तरह फैल है। विवाह का सीजन चल रहा है मजदूरों को तत्काल मजदूरी भुगतान कराने नेता प्रतिपक्ष डा चरणदास महंत से मिलकर बात रखूंगा एवं मुख्यमंत्री जी से भी मांग की जावेगी

## दिल्ली में सदन में मैंने मांग किया था: सांसद ज्योत्सा महंत



मनरेगा के मजदूरी भुगतान 6 माह से लंबित होने के मामले सांसद कोरबा ज्योत्स्ना महंत ने कहा कि पूरे प्रदेश में यही स्थिति है मैंने सदन में इस मामले पर बात रखा था तो बोले कि जल्द भुगतान कराएंगे पर नही हुआ, इसे पुनः मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के संज्ञान में लाया जाएगा। सरकार कुछ कर नही रही है प्रधान मंत्री आवास भी सही ढंग से नही मिल पा रहे हैं आवास का मजदूरी भुगतान भी नही मिल पा रहा है। विवाह के इस सीजन में मजदूरों को अपने मजदूरी की जरूरत है जो सरकार इन्हें नही दे पा रही है, ऊपर से बढ़ती महंगाई से जनता पहले से ही त्रस्त है। प्रदेश में अपराध बढ़ रहा है भारत माला प्रोजेक्ट में भ्रस्टाचार हो रहा विकास कार्य ठप्प पड़े हुए हैं

-राजन पाण्डेय-
सोनहत 24 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।
वनोपजों पर मौसम की मार इस बार ज्यादा रही प्रतिकूल मौसम की भेंट चढ जाने से इस बार वनांचल क्षेत्र के गरीब आदिवासी परिवारों की आय का मुख्य स्त्रोत चार व महुआ बर्बादी की भेंट चढ गया । वहीं तेंदूपत्ता की हालत भी बहुत अच्छी नही है जिससे ग्रामीण बेबस हो गए हैं। वनोपज पर आंधी, चक्रवती हवाएं और और खराब मौसम के कहर से ग्रामीणों की आय का स्त्रोत इस बार बर्बादी की भेंट चढ गया अब वनांचल वासियों के समक्ष आय के स्त्रोत की समस्या खडी हो गई जिससे कि वह अपने परिवार का जीविकोपार्जन कैसे बढ़ाएं।




### महुए की पैदावार बेहद कम

इस बार खराब मौसम के कारण महुए व चार के पेडों में लगी कूचियां झड गई है जिससे महुआ के बेहद कम मात्रा में पेडों से गिरा जैसे-जैसे गर्मी शबाब पर आती है वैसे-वैसे महुए की फसल भी अच्छी होती है लेकिन इस बार हालत बिल्कुल विपरित बने थे जिससे ग्रामीण परिवार के लोग हैरान-परेशान नजर आए इस वर्ष बाजार में महुआ 50 रुपए किलो के आस पास बिक रहा है। लेकिन आवक नही होने से परेशानी बढी है। राम सिह सोना लाल सहित अन्य ग्रामीण बताते है कि बाजार में दाम तो अच्छे है लेकिन वनोपज ही नहीं है ऐसे में बढे हुए दाम भी उनके किसी काम में नहीं आ रहे हैं।

### प्रभावित होंगे अंचल के बाजार

ग्रामीण अंचलों में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में मुख्य रूप से ग्रामीण ही खरीददारी करने के लिए पहुंचते हैं। जिस वर्ष वनोपज की पैदावार अच्छी होती है उस समय अंचलों के बाजारों में भी अच्छी खरीददारी होती है लेकिन इस वर्ष वनोपज बाजार पर प्रभावित होता दिखाई दे रहा है बाजारों में पहले जैसी रौनक नही है।

### आती हैं समस्याएं...

वनोपज का संग्रहण साधारण कार्य नही है। बंशीपुर चंदहा के ग्रामीणों ने बताया कि तेदू पत्ते की एक हजार गड्डी तैयार करने में 4 से 5 दिन लग जाते है। इसके बाद कहीं जाकर वे संग्रहण राशी के हकदार हो पाते है। ग्रामीणों ने बताया कि बहुत सी समस्याएं उन्हें झेलनी पडती है। पत्तों को तोडना और फिर उनकी गड्डियां तैयार करना कठिन कार्य है। इन गड्डियों को सुखाया जाता है। और इसके बाद ठेकेदार उन्हें लेता है। नमीं के कारण कई बार अंदर के पत्ते खराब हो जाते है जिसे ठेकेदार अस्वीकृत कर देता हैं। परिणामस्वरूप मेहनत पानी में चली जाती है।

### माता दाग से प्रभावित होगा तेंदू पत्ता संग्रहण

सोनहत क्षेत्र में में तेंदूपत्ता तुड़ाई व संग्रहण का कार्य मई में शुरू हो जाएगा। वन विभाग द्वारा इसकी तैयारियां तेजी से की जा रही है। इस बीच तेंदूपत्तों में माता दाग के बढ रहे प्रकोप से विभाग के साथ ठेकेदारों की भी चिंता बढ गई है। तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए समितियां निर्धारित करने का कार्य भी जारी है। लक्ष्य भी लगभग पिछ्ले वर्ष के मुताबिक ही बताया जा रहा है। उल्लेखनीय है की जहां विभाग इस बार तेंदूपत्ते का संग्रहण लक्ष्य से अधिक होने की संभावना लगा रहा था,वही लक्ष्य की पूर्ति में माता दाग रोग असर डालता नजर आ रहा है। जिलेभर में बेमौसम बारिश के साथ कुछ क्षेत्रों में हुई ओलावृष्टि से तेंदूपत्ते पहले से ही प्रभावित हुए थे। अब माता दाग का असर जिले के सोनहत विकासखंड सहित भरतपुर क्षेत्र में भी दिख रहा है।

### मनरेगा में भी 6 माह से नही मिली मजदूरी

कोरिया जिले में मनरेगा के तहत कराए गए कार्यो में पिछ्ले 6 माह से मजदूरों को मजदूरी भुगतान नही मिला है। आलम है कि सुशासन तिहार के समय मे मजदूरों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। एक तरफ विवाह का सीजन चल रहा है सभी मजदूरों पैसो की सख्त आवश्यकता है दूसरी तरफ मजदूरी भुगतान नही मिलने से क्षेत्र के मजदूरों में सरकार के प्रति आक्रोष का माहौल निर्मित हो रहा है। कोरिया जिले के सोनहत और बैकुंठपुर पटना तहसील के सभी पंचायतों में मनरेगा मजदूरों का हाल बेहाल है

### मनरेगा के तहत रोजगार मूलक कार्यो में लगातार गिरावट

जिले के सोनहत विकासखंड में मनरेगा के तहत रोजगार मूलक एवं हितग्राही मूलक कार्यों में भारी गिरावट दर्ज की गई है सिर्फ अप्रैल माह की बात करें तो इस साल 23 अप्रैल तक कि स्थिति मेंजिले में अभी तक 3616 परिवार को रोजगार मिला जबकि यही आंकड़ा 2024 में 15668 था वही पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल मे सिर्फ अप्रैल महीने में 16468 परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया गया था,अर्थात यह कहा जा सकता है कि डबल इंजन की सरकार आने के बाद कामो में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है और सम्भवतः ऐसा ही आंकड़ा पूरे प्रदेश में है। लोगो के सामने रोजगार का संकट तो है ही मगर जो काम मिला उसके भुगतान के लिए भी मजदूरों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है



## जिला पंचायत अध्यक्ष ने 48 घंटे में बदलवाया ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों ने जताया आभार

-संवाददाता-
भटगांव,24 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।
मोर दुआर साय सरकार अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 में जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि देवपाल पैकरा लगातार ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर रही हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत गौरा और सत्तीपारा के ग्रामीणों ने भीषण गर्मी के बीच लंबे समय से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलवाने की मांग की थी। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने तत्परता दिखाते हुए महज 48 घंटे के भीतर नया ट्रांसफार्मर लगवाकर ग्रामीणों को बड़ी राहत दी। इस त्वरित कार्रवाई से गांववासियों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देती हैं और समय पर समाधान कर रही हैं। यह उनके जनसेवा के प्रति समर्पण को दर्शाता है। इस मौके पर अध्यक्ष चंद्रमणि देवपाल पैकरा ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि विष्णु के सुशासन में हर समस्या का समाधान किया जाएगा। शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि आगे भी इसी तरह उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान होता रहेगा।

## पटना नगर पंचायत के लिए क्षेत्रीय सांसद ने प्रतिनिधि किया नियुक्त, व्यवसायी दीपक खत्री होंगे नगर पंचायत पटना के लिए सांसद प्रतिनिधि

-संवाददाता-
बैकुंठपुर/पटना,24 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।
कोरिया जिले के नवगठित नगर पंचायत पटना में सम्पन्न हुए पहले चुनाव उपरांत अब नगर पंचायत के लिए क्षेत्रीय सांसद ने भी अपना प्रतिनिधि नियुक्त कर दिया है और क्षेत्रीय सांसद ने पटना नगर के व्यवसायी दीपक खत्री को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है । क्षेत्रीय सांसद ने व्यवसायी दीपक खत्री की नियुक्ति संबधी पत्र मुख्य नगर पालिका अधिकारी पटना को



लिखा है और यह उल्लेखित किया है कि उनकी अनुपस्थिति में नगर के व्यवसायी दीपक खत्री नगर पंचायत की बैठकों में उनका प्रतिनिधित्व करेंगे और साथ ही साथ वह जनकल्याणकारी विभिन्न बैठकों में भी उनकी जगह भाग ले सकेंगे। बता दें कि पटना नगर पंचायत के संपन्न हुए चुनाव में भाजपा ने अपना कब्जा नगर पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष के पद पर दर्ज किया है वहीं पार्षदों के हिसाब से नगर पंचायत चुनाव परिणाम उपरांत बहुमत में रही कांग्रेस अब नगर पंचायत में अल्पमत की स्थिति में है। वैसे यह नियुक्ति कांग्रेस को नगर पंचायत में मजबूती प्रदान करती है कि नहीं यह देखने वाली बात होगी।

## कश्मीर हमले के विरोध में श्रद्धांजलि सभा, कार्रवाई की मांग

-संवाददाता-
सूरजपुर,24 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिंदुओं की नृशंस हत्या के बाद देशभर में रोष का माहौल है। इसी क्रम में सूरजपुर जिले के नगर पंचायत जरही चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने एकत्र होकर आतंकवाद के खिलाफ विरोध दर्ज किया। उपस्थित जनसमूह ने आतंकी हमले में मारे गए 27 हिंदुओं को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की और पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। सभा के दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवाद मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए गए, लोगों ने सरकार से अपील की कि आतंकियों और उन्हें संरक्षण देने वाले देशों के खिलाफ ठोस और निर्णायक कदम उठाए जाएं। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष पूरन राम राजवाड़े,अशोक गुप्ता,राकेश शुक्ला,हिरा गोयल,लाल साय सिंह पावले,सुखसागर राजवाड़े,बिरेन्द्र गुप्ता,मनीष मिश्रा,समय लाल मिश्रा,शरद चंद्र द्विवेदी,हिंमाशु सिंह,प्रवीण सिंह,विकेश जायसवाल,राजकुमार गुप्ता, सियाराम राजवाड़े,राजकुमार राजवाड़े,ओपी सिंह,प्रकाश गुप्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा,छ0ग0**

रा.प्र.क्र.202504021700119
अ-6/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अर्जुन पैकरा आ0 लोथेर राम व अन्य,निवासी ग्राम परसा, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदित भूमि खसरा नंबर 92, 94, 107, 109, 112, 113, 116, 118, 126, 565, 585, 606, 732, 1078, 1092, 1145, 1146, 1147, 1148, 1149, 2516 कुल खसरा नंबर 21 कुल रकबा 6.779 हे0 ग्राम परसा में स्थित है। उक्त वर्तमान राजस्व अभिलेखों के अनुसार अनावेदक गोहंदुल आ0 स्व0 शिवबरत व अन्य,निवासी ग्राम भकुरा के नाम पर दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि पर अपना नाम सहखातेदार के रूप में दर्ज कराना चाहता है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 15/05/2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 22/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील
नायब तहसीलदार,
अंबिकापुर-2

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा,छ0ग0**

रा.प्र.क्र.202504021700120
अ-6/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोहंदुल आ0 शिवबरत व अन्य,निवासी ग्राम परसा, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदित भूमि खसरा नंबर 93, 117, 1541, 1553, 1554, 1757/22, 2371, 2379/1, 701/7 रकबा क्रमशः 0.032, 0.309, 0.628, 0.841, 0.275, 0.486, 0.607, 0.210, 0.081 हे0 ग्राम परसा में स्थित है। उक्त वर्तमान राजस्व अभिलेखों के अनुसार अनावेदक संतोष आ0 स्व0 चमरू व अन्य, निवासी ग्राम भकुरा के नाम पर दर्ज है। आवेदक उक्त भुमि पर अपना नाम सहखातेदार के रूप में दर्ज कराना चाहता है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 15/05/2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 22/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील
नायब तहसीलदार,
अंबिकापुर-2

**न्यायालय नजुल अधिकारी,अम्बिकापुर जिला - सरगुजा छ0ग0**

रा.प्र.क्र. / अ-20(3)/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमती गीता बचानी पत्नी श्री ब्रम्हानंद बचानी जाती सिंधी आयु 49 वर्ष निवासी सिंधी कालोनी महाराजा गली अम्बिकापुर, थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला बाबूपारा नगर अम्बिकापुर सीट नंबर-9 स्थित प्लाट नंबर-3467/4 866/179 रकबा 2080 वर्गफीट भूमि को व्यवसाय हेतु रूपयो की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक/क्रेता मनोज कुमार अग्रवाल आ0 ओमप्रकाश अग्रवाल आयु लगभग 44 वर्ष जाति अग्रवाल निवासी गोयल जेसीबी हाउस नंबर -5 अलकनंदा काम्पलेक्स के पास अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के पास बिक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-28/04/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय- सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा
आज दिनांक 11/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील
नजुल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजुल अधिकारी,अम्बिकापुर जिला - सरगुजा छ0ग0**

रा.प्र.क्र. / अ-20(3)/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा पिता अमरीक सिंह आयु 64 वर्ष निवासी कुण्डला सिटी अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला देवीगंज रोड नगर अम्बिकापुर सीट नंबर-3 स्थित प्लाट नंबर-1165/4, 1165/5 रकबा क्रमशः 0.09, 1173.1 वगफ ेट भूमि को रूपये- 25,00,000-00 में अनावेदक/क्रेता प्रिंस सोनी पिता अजय सोनी जाति सोनार निवासी एम.जी. रोड महामाया आटोकार्स के पास अमोल ट्रेडर्स अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के पास बिक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-14/05/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय- सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा
आज दिनांक 21/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील
नजुल अधिकारी
अम्बिकापुर

# सरगुजा आईजी कार्यालय के कर्मचारियों पर लग रहे हैं गंभीर आरोप

# पहले विभाग के कर्मचारियों से वसूली,अब आया दूसरा आरोप सामने,पुलिसकर्मी पुलिसकर्मी से ही परेशान है...






**पुलिसकर्मी पुलिसकर्मी से ही परेशान,मामला नौकरी से त्यागपत्र तक पहुंचा, मामला सरगुजा जिले के लुण्ड्रा पुलिस थाने के आरक्षक से जुड़ा हुआ...**

**आईजी सरगुजा कार्यालय के स्टेनो पर आरक्षक ने लगाया आरोप,बुलावे पर नहीं जाने पर आईजी के स्टेनो ने कराया तबादला यह लगाया आरोप**

**आईजी सरगुजा के स्टेनो पर पहले भी लग चुका है आरोप,अन्य व्यक्तियों का बार कोड भेजकर करते हैं वसूली यह लगा था आरोपःसूत्र**

**क्या आईजी सरगुजा के स्टेनो पर लग रहे आरोप सही हैं,आखिर क्यों नहीं होती इसकी निष्पक्ष जांच?**

**सरगुजा आईजी कार्यालय के कौन से कर्मचारी कर रहे हैं अवैध वसूली किस दुकानदार के बारकोड में मंगवा रहे थे पैसा?**

**सरगुजा आईजी स्टेनो का कर्मचारी सभी जिले के पुलिसकर्मियों से वसूल रहे हैं पैसाःसूत्र**

**किसी दुकानदार के बारकोड में मंगाया जा रहा है पैसा...आईजी साहब के कार्यालय में चल रहा है बड़ा खेल...बातों से अनजान है?**

-अंजनी सिंह-
अंबिकापुर,24 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

सरगुजा आईजी के तबादले के बाद अब परत-दर-परत एक कर्मचारी की दोषपूर्ण कार्यशैली की खबरें सामने आने लगी है कुछ दिन पहले वहां के एक कर्मचारी के द्वारा सभी जिले के पुलिसकर्मियों से अवैध वसूली की खबरें सूत्रों के माध्यम से आ रही थी,सभी कर्मचारियों को बारकोड किसी दुकानदार का भेजकर वसूली वहां के एक कर्मचारी द्वारा की जा रही थी,अब वहां पर पदस्थ स्टेनो के ऊपर उसी के विभाग के एक कर्मचारी ने परेशान करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है,पहले अवैध वसूली और अब अपने ही विभाग के कर्मचारियों को डराने-धमकाने की बात सामने आई है जो अब जांच का विषय बन गया है अब देखना यह है कि इसमें किस प्रकार की जांच कार्यवाही होती है।

सरगुजा जिले से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है जिसमें एक पुलिस विभाग के आरक्षक ने एक अन्य आरक्षक सहित आईजी के स्टेनो पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं और खुद को प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए उसने नौकरी से त्यागपत्र देने की बात लिखित में पुलिस अधीक्षक सरगुजा से कही है,वैसे कहा जाए तो एक तरह से उसने त्यागपत्र ही दिया है और पुलिस अधीक्षक से स्वीकार करने की मांग की है। यह नौकरी से त्यागपत्र का मामला यह बतलाता है कि कैसे एक पुलिसकर्मी पुलिसकर्मियों से ही परेशान है और इस कदर क्षुब्ध है कि वह नौकरी से त्यागपत्र देने की बात कर रहा है।

## प्रताड़ना से तंग आकर नौकरी से त्यागपत्र देने का निर्णय

बता दें कि आरक्षक सरगुजा जिले के लुण्ड्रा पुलिस थाने में पदस्थ है जिसका नाम अमित कुमार राजवाड़े है और जो जिसने एक प्रधान आरक्षक सहित आईजी कार्यालय के उनके स्टेनो पर आरोप लगाया है प्रताड़ना और कई तरह की प्रताड़ना का और प्रताड़ना से तंग आकर वह नौकरी से त्यागपत्र देने की बात कर रहा है। वैसे आईजी कार्यालय के कुछ कर्मचारी आईजी सरगुजा के नाम से अवैध वसूली कर रहे हैं और अपने ही विभाग के पुलिसकर्मियों से वह अवैध वसूली कर रहे हैं और इसके लिए वह अन्य लोगों के बार कोड का सहारा ले रहे हैं ऐसी बातें हाल फिलहाल में सामने आई थीं और बताया जा रहा है कि यह काम उन्हीं स्टेनो महोदय का है जिनकी शिकायत आज पुलिस अधीक्षक से प्रताड़ित करने को लेकर एक आरक्षक कर रहा है, आरक्षक के आवेदन को यदि गौर से पढ़ा जाए तो उसने यह उल्लेख किया है कि उसे आईजी के स्टेनो ने कई बार बुलावा भेजा और नहीं जाने पर उसे परेशान करने के उद्देश्य से बलरामपुर जिले के लिए तबादला कर दिया गया। वैसे यदि आरक्षक की बातों में जरा भी सच्चाई है तो आईजी कार्यालय के स्टेनो पर कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए वरना जब पुलिस के उच्च कार्यालयों के ही कर्मचारियों से पुलिसकर्मी परेशान रहेंगे पुलिस से अन्य लोग न्याय की उम्मीद कैसे करेंगे यह विचारणीय हो जाता है।

## किस दुकानदार के बारकोड में मंगवाया जाता था पैसा?

सरगुजा रेंज के आईजी कड़ी कार्रवाई के लिए जाने जाते रहे हैं पर इस समय जो सूत्रों के हवाले से खबर आ रही है वह काफी चौंकाने वाली खबर है सूत्रों का दावा है कि आईजी साहब के कार्यालय के कुछ कर्मचारी उनके पीठ के पीछे उन्हें बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं स्टेनो व कर्मचारी सभी जिले के पुलिसकर्मियों से अवैध उगाही कर रहे हैं ऐसी जानकारी सामने आ रही है जिसके लिए वह अंबिकापुर के ही किसी दुकानदार का बारकोड भेजते हैं और उसी में पैसे मंगवाते हैं यह बारकोड किसका है यह जांच का विषय बन गया है और यह पैसा कहां जा रहा है और किसके लिए यह उगाही हो रही है यह भी जांच का विषय बना हुआ है? सूत्रों का कहना है कि वहां पर एक स्टेनो व कर्मचारी काफी लंबे समय से जमे हुए हैं जो ऐसी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं और आईजी कार्यालय को भी बदनामी में झोंक दिए है, जिन कर्मचारियों से पैसे लिए जा रहे हैं वह आईजी साहब के नाम से मंगाया जाता है ऐसा बताते हैं, अब कर्मचारी इतने दिलेर तो है नहीं कि आईजी साहब से पूछ ले वह भी बिना सोचे समझे अब आईजी साहब का स्टेनो मांग रहा है तो दे दे रहे हैं अब उनकी भी औकात नहीं है कि वह मना कर सके एक कर्मचारी ने नाम ना बताने की शर्त पर यह बात बताई है और बारकोड की जानकारी देकर कहा है कि बारकोड के माध्यम से ही पैसे जा रहे हैं और ऐसा सरगुजा के सभी जिले में देखने को मिल रहा है अब यह जांच का विषय है दैनिक घटती-घटना इस बात की पुष्टि नहीं करता है पर जांच की मांग जरूर करता है और यह बात धीरे-धीरे पूरे पुलिस महकमे में फैली हुई है सिर्फ यदि इससे कोई अनजान है तो वह सरगुजा रेंज के आईजी साहब है जिन्हें अब इस मामले पर संज्ञान लेना होगा...और इसकी वास्तविक स्थिति का पता करना होगा। वैसे सूत्रों का कहना है कि किसी अमनदीप सिंह के खाते में वह पैसा जाता है जिसका वह बारकोड भेजता है ऐसे में सवाल यह उठता है कि ऐसे एक दो बारकोड और है जिसमें बदल बदल कर पैसा मंगाया जाता है अभी किसका खाता है और इस खाते में कैसे पैसा जाता है यह भी जांच का विषय बन गया है।

## नहर के साइफन में एनटीपीसी मे कार्यरत मजदूर की मिली लाश

-संवाददाता-
कोरबा,24 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।



कोरबा जिले के दर्री थाना अंतर्गत एनटीपीसी प्लांट के पास एक नहर के साइफन में एक मजदूर की लाश मिली है। मृतक युवक की पहचान एनटीपीसी प्लांट में मजदूर के रूप में कार्यरत शिवकुमार भार्या (40 वर्ष), केंदाईखार गांव निवासी के रूप में की गयी हैं। बताया जा रहा हैं की शव एनटीपीसी कैनाल की जाली में फंस गया था, जिसे कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया है। घटना की सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंच आगे की जांच कार्यवाही कर रही है। जानकारी के अनुसार वह रोज की तरह बुधवार की सुबह भी घर से काम पर जाने के लिए निकला था। लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी वह घर नहीं पहुंचा तब उसकी पता तलाश की गई। लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। देर शाम उसकी लाश को एनटीपीसी नहर के साइफन पर देखा गया,जिसके बाद तत्काल इसकी सूचना दर्री थाना पुलिस और प्रबंधन को दी गई। साइफन में पानी का बहाव बहुत तेज था। प्रबंधन द्वारा काफी मशक्कत कर उसे रस्सी से बाँध कर क्रेन की सहायता से बाहर निकाला गया। परिजनों के अनुसार मृतक पिछ्ले कुछ दिनों से परेशान था और आर्थिक तंगी से जूझ रहा था।

फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा। दर्री थाना पुलिस ने मामले की जांच कर रही है।

## जल जीवन मिशन योजना में करोड़ों खर्च करने के बाद भी ग्रामीण नदी-नालों से पानी लाने को मजबूर

-संवाददाता-
कोरबा,24 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।



कोरबा जिले के वनांचल क्षेत्र में केंद्र सरकार की बहुचर्चित जल जीवन मिशन योजना पर सवाल खड़े हो गए हैं। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद ग्रामीण आज भी शुद्ध पेयजल के लिए तरस रहे हैं। योजना के तहत हर घर नल कनेक्शन तो दे दिए गए, लेकिन इन नलों से एक बूंद भी पानी नहीं टपका। स्थानीय निवासी दिलेश्वर मंझवार ने आरोप लगाते हुए बताया कि उनके घर में पिछ्ले साल नल कनेक्शन लगा था, लेकिन अब तक पानी नहीं आया। मजबूरन उन्हें और उनके परिवार को नदी-नालों से पानी लाना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में यह समस्या और विकराल हो गई है। महिलाएं व बच्चे सुबह से ही पानी की तलाश में भटकते हैं,जिससे उनकी स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों प्रभावित हो रही है। अन्य ग्रामीणों का भी आरोप है कि योजना केवल कागज़ों पर सफल है, जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। अधूरी पड़ी पाइपलाइन, टूटी हुई टंकियां और सूखे नल इस योजना की असल तस्वीर बयां कर रहे हैं। कई स्थानों पर टंकियां तो बनी हैं, लेकिन उनमें आज तक पानी नहीं भरा गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की उदासीनता ने स्थिति को और भी गंभीर बना दिया है। ग्रामीणों ने शासन से मांग की है कि वे जल्द से जल्द पेयजल संकट का समाधान करें और संबंधित दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए, ताकि योजनाओं का लाभ वास्तव में जरूरतमंदों तक पहुँच सके ।

# राजमाता देवेंद्र कुमारी सिंहदेव मेडिकल कॉलेज में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के पदों की भर्ती प्रक्रिया तीन साल से अधर में...

» संभाग के एक मात्र चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर में 2022 की भर्ती विज्ञापन तृतीय और चतुर्थ श्रेणी पदों में जल्द भर्ती के लिए बेरोजगार युवाओं ने स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

» छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंपकर प्रक्रिया पूरी करने की हुई मांग

» कांग्रेस के डेढ़ साल भाजपा के डेढ़ साल बीतने के बाद भी अभ्यर्थी प्रक्रिया पूरी होने के इंतजार में...

» स्वास्थ्य मंत्री ने दिया है आश्वासन...समीक्षा बैठक में रखेंगे इस बात को उसके बाद की जाएगी प्रक्रिया पूरी

» कांग्रेस शासनकाल में एक बार भर्ती प्रक्रिया हो चुकी थी निरस्त...दूसरी बार बढ़ाया गया था समय अब क्या भाजपा इस भर्ती प्रक्रिया को करेगी पूर्ण?

» अभ्यर्थी फॉर्म भरने के बाद तीन साल से कर रहे हैं भर्ती प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार,ना जाने कहां है अड़चन?

» नवीन भवन में मेडिकल कॉलेज शुरू हुए भी हो गए 2 साल,कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा मेडिकल कॉलेज फिर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण न होना मेडिकल कॉलेज के लिए परेशानी का कारण





-संवाददाता-
अंबिकापुर,24 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

सरगुजा संभाग का इकलौता मेडिकल कॉलेज राजमाता देवेंद्र कुमारी सिंहदेव कॉलेज को शुरू हुए 10 साल से ऊपर हो चुके हैं, भवन के अभाव में मेडिकल कॉलेज पुराने जिला अस्पताल में ही संचालित हो रहा था अब उसे नया भवन भी मिल चुका है, और मेडिकल कॉलेज अपने नए भवन में पूर्ण रूप से संचालित होना भी शुरू हो गया है, पर यहां अभी भी तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की कमी है, कर्मचारियों की कमी को देखते हुए ही कांग्रेस शासनकाल में मेडिकल कॉलेज संचालक की मांग पर कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए निविदा निकाली गई थी, पर यह भर्ती प्रक्रिया अभी भी अटक-अटक कर आगे बढ़ रही है, एक बार प्रक्रिया को निरस्त करके कांग्रेस शासनकाल में ही दोबारा समय अवधि बढ़ा के कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने का प्रयास किया गया था, पर फॉर्म भरने के बाद भी आज भी प्रक्रिया अधूरी है भाजपा के डेढ़ साल पूरे हो चुके हैं वहीं कांग्रेस के भी बीते डेढ़ साल इस प्रक्रिया के बीच पार हो गए, पर यह भर्ती प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पाई,लगभग यह समय तीन साल का हो चुका है और इस बीच अभ्यर्थियों का उम्र भी पार होता जा रहा है पर यह प्रक्रिया कब पूरी होगी इस पर अभी भी सवाल बरकरार है? जिसे लेकर अभ्यर्थी ने सरगुजा संभाग के दौरे पर आए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को ज्ञापन सौंपकर इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की है ताकि अभ्यर्थियों को उसका लाभ मिल सके और कॉलेज में कर्मचारियों की कमी पूर्ण हो सके।

ज्ञात हो की सरगुजा संभाग के एक मात्र चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर के विभिन्न पदों में भर्ती के लिए महाविद्यालय प्रबंधन के द्वारा विज्ञापन 2022 में विभिन्न पदों के लगभग 383 पद के विज्ञापन जारी किया गया था। जिस विज्ञापन के अनुसार सरगुजा संभाग के युवा बेरोजगार के साथ साथ छत्तीसगढ़ के बेरोजगारों ने योग्यता अनुसार विभिन्न पदों हेतु महाविद्यालय प्रबंधन के निर्धारित शुल्क और गाइडलाइन के अनुसार आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट या रजिस्ट्री पोस्ट के माध्यम से जमा किया गया है। लेकिन आज दिनांक तक राजमाता श्रीमती देवेंद्र सिंहदेव चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर के द्वारा न पात्र अपात्र की सूची जारी की गई है न भर्ती प्रक्रिया शुरू किया गया है। जब की चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर के द्वारा विज्ञापन के संबंध में शुद्धि पत्र जारी करते हुए तिथि बढ़ाई गई थी और छूटे हुए युवा बेरोज़गारो के द्वारा आवेदन पत्र जमा किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन में स्वास्थ्य मंत्री का एक दिवसीय दौरा जिला सरगुजा के अंबिकापुर में कई स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया गया और मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर के समीक्षा बैठक में शामिल होने पहुंचे थे।

## सरगुजा संभाग के एक मात्र चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर सेटअप के बावजूद भी तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए तरस रहा है...

सरगुजा संभाग के एक मात्र चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर में पिछ्ले शासन काल में निकाले गए विज्ञापन में आज तक भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं किया गया है जबकि सरगुजा महाराज और तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री श्री टी एस सिंहदेव के रहते हुए मेडिकल कॉलेज का न कायाकल्प हो सका न भर्ती प्रक्रिया में किसी प्रकार की कार्यवाही हो सका। अब देखना होगा कि डबल इंजन की सरकार और विष्णु के सुशासन में कितना बदलाव आता है। जबकि सबसे मजेदार बात की सरगुजा संभाग में मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री दोनों यही से आते है।

## भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने से स्वास्थ्य के क्षेत्र में और बेरोज़गार युवाओं को मिलेगा लाभ

मेडिकल कॉलेज जैसे संस्था में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी पदों के कर्मचारी का भर्ती प्रक्रिया नहीं हो पाना सरगुजा संभाग के जनता और मरीजों के साथ खिलवाड़ है । मेडिकल कॉलेज जैसे संस्था में कर्मचारियों के अभाव में मरीजों को कितना लाभ मिलता होगा इस बात से आप अंदाजा लगा सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने से समूचे सरगुजा संभाग को लाभ मिलेगा। साथ ही साथ सरगुजा संभाग के अलावा छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं को रोज़गार मिलेगा।

## कर्मचारियों की कमी के बीच कैसे संचालित हो रहा है मेडिकल कॉलेज...क्या सरकार है इस बात से बेखबर?

मेडिकल कॉलेज के लिए कर्मचारियों की कमी है जिसे देखते हुए तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के लिए 383 पद भर्ती के लिए निकाले गए थे, ताकि नए भवन में सही तरीके से कर्मचारी की कमी के बिना मेडिकल कॉलेज संचालित हो सके और अच्छी तरीके से लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिल सके पदों के लिए भर्ती 5 अगस्त 2022 को निकाला गया था पर आज तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है।

## समीक्षा बैठक के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने भर्ती प्रक्रिया पर निर्णय लेने का दिया आश्वासन

अंबिकापुर के विश्रामगृह में सरगुजा संभाग के बेरोजगार युवाओं के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर विज्ञापन वर्ष 2022 के भर्ती प्रक्रिया चालू करने हेतु आवेदन पत्र सौंपा गया,जिसमें स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर में होने वाली समीक्षा बैठक में चर्चा करते हुए कार्यवाही की बात करते हुए बेरोज़गार युवाओं को आश्वासन दिया गया।

## ज्ञापन सौंपने के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने अनुराग सिंहदेव से भी इस भर्ती प्रक्रिया पर मांगी जानकारी

अभ्यर्थी जब स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंप रहे थे उस समय सरगुजा संभाग के वरिष्ठ भाजपा नेता व गृह निर्माण समिति के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव से भर्ती प्रक्रिया के बारे में पूछा तो अनुराग सिंहदेव ने भी कहा कि यह भर्ती प्रक्रिया पूरी होनी चाहिए, क्योंकि यदि यह निरस्त होती है तो जितने लोगों ने पूर्व में फॉर्म भरा है उनका उम्र सीमा खत्म हो जाएगी, वही जो नए पास होकर आए हैं उनकी संख्या बढ़ जाएगी, जिस वजह से पहले भी यह दिक्कत आई है और फिर से आगे यह दिक्कत आने से कर्मचारियों की कमी की समस्या बढ़ जाएगी और समय और लगेगा जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि समीक्षा बैठक में इस पर विचार करते हैं।

## संक्षिप्त खेल खबर

### बांग्लादेश ने जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज को वापस बुलाया



**चटोग्राम,24 अप्रैल 2025।** शुरुआती टेस्ट में जिम्बाब्वे के खिलाफ ऐतिहासिक हार का सामना करने के बाद, बांग्लादेश ने फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज अनामुल हक को वापस टीम में शामिल करने का फैसला किया है, जबकि दूसरे और आखिरी मैच के लिए पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए नाहिद राणा टीम से बाहर हो गए हैं। दूसरे टेस्ट में जीत हासिल करने और सीरीज को बराबरी पर खत्म करने के अपने प्रयास में, बांग्लादेश ने दो बदलाव किए। अनामुल ने जाकिर हसन की जगह ली और अनकैप्ड बाएं हाथ के स्पिनर तनवीर इस्लाम को राणा की जगह लाया गया। अनामुल अपने हालिया शानदार प्रदर्शन के दम पर टीम में जगह बनाने के बाद लगभग तीन साल में बांग्लादेश के लिए अपना पहला टेस्ट खेलने की कतार में हैं।

### गौतम गंभीर को धमकी भरे ईमेल मिले

**नई दिल्ली,24 अप्रैल 2025।** पुलिस के अनुसार, भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच और पूर्व भाजपा सांसद गौतम गंभीर को धमकी भरे ईमेल मिले हैं।



पुलिस ने बताया कि गंभीर को 22 अप्रैल को दो धमकी भरे ईमेल मिले, उसी दिन आतंकवादियों ने कश्मीर के पहलगाम में 26 लोगों की हत्या कर दी थी, जिनमें ज़्यादातर पर्यटक थे। ये ईमेल एक संदिग्ध जीमेल अकाउंट से आए थे और राजिंदर नगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने धमकियों की जांच शुरू कर दी है। यह पहली बार नहीं है जब गंभीर को धमकियां मिली हों। 2022 में भी उन्हें इसी तरह की धमकियां मिली थीं और इसी वजह से उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई थी।

# पाकिस्तान के अरशद नदीम ने ठुकराया नीरज चोपड़ा का ऑफर,नहीं आएंगे भारत

**नई दिल्ली,24 अप्रैल 2025।** भारत में 24 मई से एनसी क्लासिक भालाफेंक टूर्नामेंट की शुरुआत होने जा रही है। इसमें नीरज चोपड़ा जैसे स्टार खिलाड़ी भी खेलते हुए नजर आएंगे। खास बात ये है कि नीरज ने इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान के जैविलन प्लेयर अरशद नदीम को भी बुलाया था। लेकिन उन्होंने भारत आने से मना कर दिया है और नीरज के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। अरशद ने बताया है कि वह इस दौरान दूसरे टूर्नामेंट में व्यस्त रहेंगे।




### एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे अरशद नदीम

पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम ने कहा कि एनसी क्लासिक टूर्नामेंट 24 मई को है जबकि मैं 22 मई को एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए कोरिया रवाना हो जाऊंगा। उन्होंने कहा कि वह 27 से 31 मई तक कोरिया में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए काफी मेहनत कर रहे हैं। इसी वजह से वह एनसी क्लासिक जैवलिन टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

### नीरज ने भेजा था न्योता

नीरज चोपड़ा ने मीडिया से वर्चुअल बातचीत में कहा था कि मैने अरशद को न्योता भेजा है और उसने कहा कि अपने कोच से बात करके वह जवाब देगा। अभी तक उसने भागीदारी की पुष्टि नहीं की है। जैवलिन के किसी भी इवेंट में जब भी नीरज और अरशद हिस्सा लेते हैं,तो सारी दुनिया के फैंस की निगाहें इस पर होती हैं।

### अरशद नदीम ने जीता था गोल्ड

पेरिस ओलंपिक 2024 में पाकिस्तान के अरशद नदीम ने गोल्ड मेडल जीता था, तब उन्होंने 2.97 मीटर का रिकॉर्ड थ्रो फेंककर इतिहास रच दिया था, जबकि भारत के नीरज चोपड़ा ने 89.45 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। नीरज ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में गोल्ड अपने नाम किया था। वह जैवलिन में दो ओलंपिक मेडल जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं।

## एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पांचवें दिन पांच और भारतीय सेमीफाइनल में पहुंचे

**अम्मान,24 अप्रैल 2025।** एशियाई अंडर-15 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पांचवें दिन पांच भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पुरुषों की अंडर-15 चैंपियनशिप में नेल्सन ख्वाइराकपम (55 किग्रा) ने पहले दौर में चीनी ताइपे के वांग शेंग-यांग पर आरएससी जीत हासिल की,जबकि अभिजीत (61 किग्रा) और लक्ष्य फोगट (64 किग्रा) ने क्रमशः किर्गिस्तान और जॉर्डन के प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ 5-0 से जीत दर्ज की।



लड़कियों में प्रिंसी (52 किग्रा) ने यूक्रेन की येवा कुबानोवा पर 5-0 से मजबूत जीत दर्ज की। समृद्धि सतीश शिंदे (55 किग्रा) ने यूक्रेन की केसिया सविना के खिलाफ तीसरे राउंड में आरएससी के साथ अपना मुकाबला समाप्त किया। इससे पहले, रुद्राक्ष सिंह खैदेम (46 किग्रा) ने चौथे दिन भारत के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए किर्गिस्तान के ऐदर मुसाएव पर 3-0 से जीत दर्ज की। सभी छह भारतीय मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंच गए, जिससे अम्मान में टीम का दबदबा कायम रहा।

पुरुषों की अंडर-15 श्रेणी में, हर्षिल (37 किग्रा) और संचित जयानी (49 किग्रा) ने 5-0 से जीत दर्ज की, जबकि संस्कार विनोद अत्रम (35 किग्रा) ने 4-1 से शानदार जीत दर्ज की। प्रीक्षित बलहरा (40 किग्रा) ने मंगोलिया के अखम्येतखान नूरसलीम पर कड़े मुकाबले में 3-2 से जीत दर्ज की। महिलाओं के अंडर-15 वर्ग में मिल्की मीनम (43 किग्रा) ने कजाकिस्तान की येल्दाना अब्दिगानी पर 5-0 से जीत दर्ज की।

दिन 5 के परिणाम

पुरुष अंडर-15 - क्वार्टरफ़ाइनल 52 किग्रा रवि सिहाग एलशोद शाकिरजोनोव से हार गए-WP 2 3 55 किग्रा नेल्सन ख्वायरकपम (भारत) पराजित। वांग शेंग-यांग (टीपीई)-आरएससी आर1 58 किग्रा.नमन सैनी(IND) जखोंगिरजोन उस्मानकुलोव से हार गए -WP 05 61 किग्रा अभिजीत (भारत) पराजित। मुखम्मद बुरखानोव- WP 5 0 64 किग्रा लक्ष्य फोगट पराजित। लैथ अजैलात WP 5 0 यह भी पढ़ें-2024 पेरिस ओलंपिक से पहले भारतीय मुक्केबाज जर्मनी में एक महीने के प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे

67 किग्रा अर्पित बिश्नोई मेयरमबेक अलीव से हारे WP 2 3 70+ किग्रा. यमनवीर जवंधा नूरिस्लाम तशमगनबेट से हारे RSC Rv महिला अंडर-15 क्वार्टरफाइनल 46 किग्रा- यानशिका विक्टोरिया अमेलचेंको से हारे WP 1:4 52 किग्रा प्रिंसी ने येवा कुबानोवा को हराया WP 5 0 55 किग्रा समृद्धि सतीश शिंदे ने केसिया सविना को हराया RSC Rx।

## एलिस पेरी छह साल विक्टोरिया में रहने के बाद न्यू साउथ वेल्स में आ गई हैं वापस

**न्यू साउथ वेल्स,24 अप्रैल 2025।** एलिस पेरी छह साल विक्टोरिया के लिए राज्य क्रिकेट में खेलने के बाद न्यू साउथ वेल्स लौट रही हैं। अंतरराष्ट्रीय ड्यूटी के कारण विक्टोरिया के लिए सीमित उपलब्धता-सिर्फ़ 20 महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग मैच-के बावजूद पेरी ने 75.14 की औसत से 1052 रन बनाए और 13 विकेट लिए। मौजूदा WNCL चैंपियन NSW में उनकी वापसी भी इसी तरह की पाबंदियों के साथ हुई है,क्योंकि वे अगले सीज़न के शुरुआती हिस्से में नहीं खेल पाएंगी, क्योंकि वे वनडे विश्व कप में भाग ले रही हैं। हालांकि,भारत के खिलाफ़ ऑस्ट्रेलिया की मल्टी-फ़ॉर्मेट सीरीज़ से पहले जनवरी में उनके खेलने का मौक़ा मिल सकता है। एलिस पेरी छह साल विक्टोरिया में रहने के बाद न्यू साउथ वेल्स में वापस आ गई हैंविक्टोरिया के साथ अपने कार्यकाल के दौरान, पेरी WBBL में सिडनी सिक्सर्स का प्रतिनिधित्व करती रहीं। पेरी ने



कहा,पिछले छह साल मैंने मेलबर्न और क्रिकेट विक्टोरिया में बिताए हैं और मैं उन सभी अवसरों और यादों के लिए अविश्वसनीय रूप से आभारी हूं, जिन्हें मैं संजो कर रखूंगी।मैं सिडनी में वापस आने और अपने परिवार और पुराने दोस्तों के करीब आने के लिए वास्तव में उत्सुक हूं। सिक्सर्स के माध्यम से CNSW के संपर्क में रहना बहुत अच्छा रहा है और मैं लीह पॉल्टन और उनके कर्मचारियों के नेतृत्व वाले विश्व स्तरीय कार्यक्रम में वापस आकर बहुत भाग्यशाली महसूस करती हूं।



## लड़के सही तरीके से लय पकड़ रहे हैं

**हैदराबाद,24 अप्रैल 2025।** सनराइजर्स हैदराबाद पर अपनी टीम की जीत के बाद,मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि टीम सही तरीके से लय पकड़ कर खुश है और उनके प्रमुख खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के कारण यह शानदार जीत है। पंड्या की टीम ने आईपीएल स्टैंडिंग में लगातार बढ़त हासिल की। लगातार चौथी जीत हासिल की और टूर्नामेंट के मध्य चरण में सभी विभागों में सही समय पर शीर्ष पर पहुंच गई। एसएचआर पर सात विकेट से जीत के साथ, वे अंक तालिका में तीसरे स्थान पर हैं। जीत के बाद हार्दिक ने कहा, जीत हासिल करना अच्छा है। खुशी है कि लड़के सही तरीके से लय हासिल कर रहे हैं। रोहित (शर्मा), दीपक (चाहर), (ट्रेंट) बोल्ट,स्काई (सूर्यकुमार यादव),सभी को हमेशा लगता था कि एक बार जब सभी ने अच्छा प्रदर्शन करना शुरू कर दिया,तो यह एक संपूर्ण संयोजन होगा,कुल मिलाकर एक शानदार जीत। कप्तानी कभी-कभी सहज ज्ञान पर निर्भर करती है, मुझे खेल देखना और प्रतिक्रिया करना पसंद है और हमेशा पहले से बनाई गई योजनाओं पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। (गेंदबाजी स्पिनर विग्नेश पुथुर के बारे में) उस समय,हम चाहते थे कि वे एक मौका लें और हमें एक विकेट दें।

युवा खिलाड़ी,जिसने कुछ गेम नहीं खेले थे, उसके लिए यह कठिन था और मैं समझता हूँ। हम सभी विभागों में बेहतर हो सकते हैं, हमने बहुत ही क्लिनिकल और बहुत स्मार्ट होने के बारे में चर्चा की। हम इसे गेम दर गेम आगे बढ़ाएंगे। हम इस जीत से बहुत संतुष्ट हैं, उन्होंने निष्कर्ष निकाला। मैच की बात करें तो,एमआई ने टॉस जीता और पहले क्षेत्ररक्षण करने का विकल्प चुना। पांच बार की चैंपियन ने एसआरएच को 35/5 के स्कोर पर ढेर कर दिया था, लेकिन हेनरिक क्लासेन (44 गेंदों में 71 रन, नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से) और अभिनव मनोहर (27 गेंदों में 43 रन, दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से) के बीच 99 रनों की साझेदारी ने एमआई को 20 ओवरों में 143/8 तक पहुंचाया।

## रोहित शर्मा ने रच दिया इतिहास

### टी 20 क्रिकेट में ऐसा करने वाले बने पहले भारतीय

**मुंबई,24 अप्रैल 2025।** मुंबई इंडियंस की टीम ने आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को 7 विकेट से हरा दिया। इस मैच में मुंबई के लिए रोहित शर्मा ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने अर्धशतक जड़ते हुए टीम को मैच जिताने में अहम भूमिका अदा की। उन्होंने कुल 70 रन बनाए, जिसमें 8 चौके और तीन छक्के शामिल रहे। अर्धशतक लगाते ही उन्होंने टी20 क्रिकेट के जीते हुए मैचों में 8000 रन पूरे कर लिए हैं। वह टी20 क्रिकेट के जीते हुए मैचों में 8000 रन पूरे करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बने हैं। उनसे पहले ऐसा कोई भी नहीं कर पाया था। उन्होंने टी20 क्रिकेट के जीते हुए मैचों में कुल 8056 रन बनाए हैं।



### पिछले मैच में भी लगाया था अर्धशतक

मौजूदा सीजन में रोहित शर्मा ने पिछला मैच चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेला था, तब उन्होंने 45 गेंदों में 76 रन बनाए, जिसमें चार चौके और 6 छक्के शामिल रहे। इस मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए रोहित को प्लेयर ऑफ द मै अवॉर्ड भी मिला था। अब आईपीएल में 9 साल बाद ऐसा हुआ है कि जब रोहित शर्मा ने लगातार दो मैचों में अर्धशतक लगाए हों। इससे पहले उन्होंने साल 2016 में लगातार दो मैचों में अर्धशतक लगाए थे। उस सीजन उन्होंने केकेआर के खिलाफ 68 रन और राइजिंग पुणे सुपर जायंट्स के खिलाफ 85 रनों की पारी खेली थी।रोहित शर्मा साल 2008 से ही आईपीएल में खेल रहे हैं। उन्होंने अभी तक आईपीएल के 265 मैचों में कुल 6856 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से दो शतक और 45 अर्धशतक निकले हैं। वह आईपीएल के इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

## बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट मैच के दौरान 200 टेस्ट विकेट किए पूरे

**ढाका,24 अप्रैल 2025।** बांग्लादेश के ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज ने जिम्बाब्वे के खिलाफ सिलहट में पहले टेस्ट के दौरान यादगार प्रदर्शन किया, क्योंकि वह 200 टेस्ट विकेट लेने वाले तीसरे बांग्लादेशी गेंदबाज बन गए और अपने देश के लिए सबसे ज्यादा दस विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गए। मिराज ने सिलहट में पहले टेस्ट के दौरान पहली पारी में 20.2 ओवर में 5/52 के आंकड़े हासिल करते हुए ये मुकाम हासिल किए। बाद में,अपनी तरफ से 174 रनों का बचाव करते हुए, मिराज ने सुनिश्चित किया कि उनकी टीम बिना संघर्ष के न हारे, क्योंकि उन्होंने 22.1 ओवर में 5/50 के 95 रनों की ओपनिंग साझेदारी की थी।



उन्होंने मैच में 10/102 के आंकड़े दर्ज किए, लेकिन अपनी टीम को तीन विकेट से हारने से नहीं बचा सके। मिराज के अलावा 200 टेस्ट विकेट लेने वाले अन्य गेंदबाज शाकिब अल हसन (71 टेस्ट में 246 विकेट), ताइजुल इस्लाम (52 टेस्ट में 219 विकेट) हैं। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार, मिराज के अब 52 टेस्ट मैचों में 32.42 की औसत से 200 विकेट हैं,जिसमें एक पारी में 7/58 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े, 12 बार पांच विकेट हॉल और तीन बार दस विकेट हॉल शामिल हैं।

बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुना। मोमिनुल हक (105 गेंदों में छह चौकों और एक छक्के की मदद से 56 रन) और कप्तान नजमुल हुसैन शांतो (69 गेंदों में छह चौकों की मदद से 40 रन) के बीच 66 रन की साझेदारी पहली पारी का मुख्य आकर्षण थी क्योंकि मेजबान टीम ने 61 ओवर में 191 रन बनाए । वेस्ली मधेवेरे (2/2) और विक्टर न्याउची (2/74) भी विकेट लेने वालों में शामिल थे। अपनी पहली पारी में ब्रायन बेनेट (64 गेंदों में 57 रन, 11 चौकों की मदद से) और सीन विलियम्स (108 गेंदों में 59 रन, छह चौकों और दो छक्कों की मदद से) ने अर्धशतक बनाए। ब्रायन और बेन कुरेन (18) के बीच 69 रनों की ओपनिंग साझेदारी और विलियम्स और वेस्ली मधेवेरे (33 गेंदों में 24 रन, एक चौका और एक छक्का) के बीच पांचवें विकेट के लिए 48 रनों की साझेदारी जिम्बाब्वे की पारी में सबसे शानदार रही, क्योंकि मेहमान टीम ने 80.2 ओवर में 273 रन बनाकर 82 रनों की बढ़त हासिल की।


# बॉर्डर 2 से पहले सनी देओल की इन फिल्मों में दिखा देशभक्ति का जज्बा

### पाकिस्तान को दी थी कड़ी टक्कर

बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल ने हाल ही में अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म बॉर्डर के सीक्वल का आधिकारिक एलान किया,जिसके बाद से दर्शकों की उत्सुकता बढ़ गई। 27 साल पहले आई फिल्म बॉर्डर के सीक्वल का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दर्शकों का उत्साह बढ़ाते हुए मेकर्स ने बॉर्डर 2 की रिलीज की भी घोषणा कर दी है। ये फिल्म अगले साल गणतंत्र दिवस के मौके पर 23 जनवरी,2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। सनी देओल ने बॉर्डर के अलावा भी कई देशभक्ति फिल्मों में काम किया है। उनकी ये सभी फिल्में फैंस को आज भी बेहद पसंद हैं।

**द हीरोः**- लव स्टोरी ऑफ अ स्पाई सनी देओल ने फिल्म द हीरोः लव स्टोरी ऑफ अ स्पाई में दुश्मनों के झक्के छुड़ाते हुए दिखाई दिए हैं। वर्ष 2003 की इस फिल्म में सनी देओल ने मेजर अरुण खन्ना बन पर्दे पर धमाल मचाया था। अनिल शर्मा के निर्शन में बनी इस फिल्म में सनी के साथ प्रीति जिंटा और प्रियंका चोपड़ा भी नजर आई थीं। दर्शकों को फिल्म री कहानी काफी पसंद आई थी। इसके साथ ही फिल्म के गानों ने भी दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी।

**बॉर्डरः**- साल 1997 में रिलीज हुई फिल्म बॉर्डर लोगों को खूब पसंद आई थी। जेपी दत्ता के निर्देशन में बनी यह फिल्म साल 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित थी। फिल्म में सनी देओल सेना के जवान के किरदार में दिखाई दिए थे। फिल्म में उन्हें पाकिस्तान के छक्के छुड़ाते हुए देखा गया था। लोगों को बॉर्डर में सनी देओल की अदाकारी खूब पसंद आई थी।




**बिग ब्रदरः**- इस लिस्ट में सनी देओल की फिल्म बिग ब्रदर का नाम भी शामिल है। साल 2007 में रिलीज हुई ये फिल्म भ्रष्ट सिस्टम पर आधारित है। फिल्म में सनी जबर्दस्त एक्शन करते हुए दिखाई दिए थे। गुड्डू धनोआ के निर्देशन में बनी इस फिल्म में सनी के साथ प्रियंका चोपड़ा नजर आई थीं।

**मां तुझे सलामः**- सनी देओल की फिल्म मां तुझे सलाम भी देशभक्ति पर आधारित थी। टीनू वर्मा के निर्देशन में बनी ये फिल्म साल 2002 में आई थी। फिल्म में सनी में जबर्दस्त देशभक्ति का जज्बा देखने को मिला है। फिल्म में वह पाकिस्तान के झक्के छुड़ाते हुए नजर आए हैं। फिल्म का डायलॉग दूध मांगोगे तो खीर देंगे कश्मीर मांगोगे तो चीर देंगे काफी हिट हुआ था। फिल्म में तबु,अरबाज खान और ओम पुरी जैसे सितारे में नजर आए थे।

**इंडियनः**- सनी देओल की हिट फिल्मों में से एक इंडियन में उनके साथ अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी नजर आई थीं। सनी देओल ने इसमें डीसीपी राज शेखर का किरदार निभाया था। दर्शकों को इस फिल्म की कहानी काफी पसंद आई थी। इसके अलावा फिल्म के गानों ने भी खूब धमाल मचाया था।

**गदरः** एक प्रेम कथा सनी देओल की फिल्म गदर- एक प्रेम कथा 2001 में रिलीज हुई थी। ये फिल्म उनके करियर की सबसे कामयाब फिल्मों में से एक है। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी

**गदरः एक प्रेम कथाः**-में सनी ने पूरे पाकिस्तान को हिला दिया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। फिल्म में सनी देओल ने तारा सिंह का किरदार निभाया था, जो पाकिस्तान में जाकर अपनी पत्नी सकीना के लिए दुश्मनों के छक्के छुड़ाते हुए नजर आते हैं। सकीना के किरदार में अमीषा पटेल को दर्शकों ने खूब पसंद किया था।

**गदर 2 गदरः एक प्रेम कथाः**- को दर्शकों का इतना प्यार मिला था कि इतने वर्षों बाद बीते साल 2023 में फिल्म का सीक्वल रिलीज हुआ। गदर की तरह गदर 2 को भी दर्शकों ने खूब पसंद किया था। इस फिल्म से सनी देओल ने इंडस्ट्री में अपना धमाकेदार कमबैक किया है। गदर 2 बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई है। फिल्म में सनी देओल पाकिस्तान जाकर अपने बेटे को छुड़ाते हुए नजर आते हैं।

# सीएम साय ने दिनेश मिरानिया के पार्थिव शरीर को दिया कंधा और श्रद्धांजलि दी...

**रायपुर ,24 अप्रैल 2025(ए)।** सीएम विष्णुदेव साय ने पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले में जान गंवाने वाले रायपुर निवासी दिनेश मिरानिया को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री साय ने स्वर्गीय मिरानिया के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और अंतिम यात्रा में कंधा देकर उन्हें अंतिम विदाई दी। राज्यपाल डेका आज सुबह मिरानिया के घर पहंचें और उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया तथा उनकी सद्गति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त कर उन्हें ढ़ाढ़स बंधाया

कारोबारी दिनेश मिरानिया का रायपुर में अंतिम संस्कार किया गया। कारोबारी के बेटे शौर्य ने मुखाग्नि दी है। आतंकी हमले को लेकर शहर में आक्रोश है। सड़कों पर पाकिस्तान के झंडे चिपका दिए हैं, आतंकियों की तस्वीरें लगा दी हैं, उसके ऊपर से लोग गुजर रहे हैं, थूक रहे हैं, गाली दे रहे हैं। अंतिम यात्रा निकलने से पहले कारोबारी की पत्नी नेहा बेहोश हो गईं थी, उन्हें परिजन घर के अंदर लेकर गए।




### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का मुंबई दौरा रद्द

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दो दिनों का मुंबई दौरा बीच में छोड़कर आज सुबह रायपुर पहुंच गए हैं। मुख्यमंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए रायपुर के श्री दिनेश मिरानिया की अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए अपना मुंबई दौरा रद्द किया है। साय आज सुबह रायपुर आने के बाद मिरानिया की अंत्येष्टि में शामिल होने मारवाड़ी श्मशान घाट पहुचें। मुख्यमंत्री साय कल 23 अप्रैल को मुंबई में निवेशकों को छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नीति और निवेश आकर्षित करने मुंबई गए थे। उनका आज 24 अप्रैल को भी निवेशकों के साथ बैठक और मुलाकात का कार्यक्रम था। इसी दौरान कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए रायपुर के व्यावसायी दिनेश मिरानिया की आज अंत्येष्टि की सूचना पर वापस रायपुर आ गए।

## यह बेशर्मी की पराकाष्ठा है

### दिनेश मिरानिया की शोक सभा में बीजेपी नेता कर रहे हंसी-ठिठोली,कांग्रेस ने जारी किया वीडियो

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मारे गए छत्तीसगढ़ के कारोबारी दिनेश मिरानिया का रायपुर में अंतिम संस्कार किया गया। कारोबारी के बेटे शौर्य ने मुखाग्नि दी। सीएम साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने शव को कंधा दिया। आतंकी हमले को लेकर शहर में आक्रोश है। सड़कों पर पाकिस्तान के झंडे चिपका दिए हैं,आतंकियों की तस्वीरें लगा दी हैं,उसके ऊपर से लोग गुजर रहे हैं,थूक रहे हैं,गाली दे रहे हैं। यात्रा में राज्यपाल रामेन डेका और विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह के साथ-साथ कई मंत्रियों और नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मिरानिया की पत्नी नेहा भावुक होकर बेहोश हो गईं। इस दौरान कांग्रेस ने भाजपा नेताओं की हंसी-ठिठोली का वीडियो जारी कर जमकर निशाना साधा है।



### कांग्रेस ने वीडियो वायरल कर कहा...देखिए भाजपा का संस्कार

अंतिम संस्कार के इसी कार्यक्रम के दौरान का एक वीडियो कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर वायरल किया और भाजपा के संस्कार पर सवाल उठाया। छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने विभिन्न सोशल माध्यमों में वीडियो को साझा करते हुए लिखा है, बेशर्मी की पराकाष्ठा पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गए स्व. दिनेश मीरानिया की शोक सभा में भाजपाई हंसी-ठिठोली कर रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,आरएसएस के मध्य क्षेत्र के क्षेत्र संघचालक डॉक्टर पूर्णेन्दु सक्सेना, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, गृह मंत्री विजय शर्मा समेत सरकार के प्रमुख चेहरे मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की घोषणा,कारोबारी दिनेश मिरानिया के सम्मान में सड़क या चौराहे का नाम रखा जाएगा...



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के व्यापारी दिनेश मिरानिया की भी दुखद मृत्यु हो गई। आतंकियों ने उनके सिर पर गोली मारी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दुखद खबर ने रायपुर में शोक की लहर दौड़ा दी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित कई नेताओं और अधिकारियों ने दिनेश मिरानिया को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सीएम साय ने घोषणा की कि दिनेश मिरानिया के सम्मान में रायपुर में एक सड़क या चौराहे का नाम उनके नाम पर रखा जाएगा। सीएम ने यह भी आश्वासन दिया कि सरकार उनके परिवार को हर संभव सहायता प्रदान करेगी। इस घोषणा पर दिनेश के परिजनों ने सरकार का आभार जताया।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों पर बड़ा प्रहार,5 ढेर



#### 1000 नक्सलियों को 20 हजार जवानों ने घेरा

**बीजापुर,24 अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर सुरक्षाबलों की टीम ने एक हजार से ज्यादा नक्सलियों को घेर लिया है और एनकाउंटर में पांच नक्सलियों को ढेर कर दिया है.सूत्रों के अनुसार, छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में अंतरराज्यीय सीमा पर करेगुट्टा पहाड़ियों के जंगल में सुबह-सुबह सुरक्षाबलों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी. इसी दौरान नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के जवान पर गोलीबारी कर दी. इसके बाद जवानों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ में पांच नक्सलियों को ढेर कर दिया.

### अधिकारी सरेंडर होने पहुंचा था, इससे पहले हो गया गिरफ्तार

**पेंड्रा,24अप्रैल 2025(ए)।** गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के आंदु गांव के एक किसान से जमीन सीमांकन के एवज में 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगने वाला फरार राजस्व निरीक्षक घनश्याम भारद्वाज आखिरकार एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के शिकंजे में आ गया। मंगलवार को वह स्वयं बिलासपुर स्थित एसीबी कार्यालय पहुंचा और आत्मसमर्पण कर दिया। ब्यूरो ने आरोपी को हिरासत में लेकर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7 (संशोधित 2018) के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।




### सीआरपीएफ जवान ने सर्विस राइफल से खुद को मारी गोली



**सुकमा,24अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 159वीं बटालियन के जवान मोहन शर्मा ने गुरुवार सुबह अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह दुखद घटना सुबह करीब 8 बजे चिक्कापाल स्थित 159 बटालियन के हेडक्वार्टर में हुई। जवान की पहचान मोहन शर्मा के रूप में हुई, जो मूल रूप से बिहार का रहने वाला था।

### सास की हत्या करने वाली बहू को उम्रकैद



#### कोर्ट ने पांच साल बाद सुनाया फैसला

**खैरागढ़,24 अप्रैल 2025(ए)।** सास की हत्या करने वाली बहू को पांच साल बाद अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 24 वर्षीय रूपा साहू ने घरेलू विवाद के चलते अपनी सास बिंदा साहू की लोहे की फूंकनी से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। यह वारदात जुलाई 2020 में हुई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर अदालत में चालान पेश किया था। करीब 5 साल तक चले मुकदमे के बाद अब अदालत ने बहू को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही 1000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। यह मामला खैरागढ़ थाना क्षेत्र के भीमपुरी गांव का है।

## जेईई मेंस-2025 में प्रयास के बच्चों का शानदार प्रदर्शन



**रायपुर,24अप्रैल 2025(ए)।** जेईई मेंस-2025 के घोषित परिणामों में प्रयास आवासीय विद्यालय के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष जेईई मेंस परीक्षा में बैठे प्रयास आवासीय विद्यालय के कुल 371 बच्चों में से 122 ने क्वालीफाई किया है। विद्यार्थियों की इस सफलता से उनके परिवार के साथ-साथ उनके गांव एवं समाज में हर्ष का माहौल है। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय विभागीय मंत्री श्री रामविचार नेताम,प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा और आयुक्त डॉ. सारांश मित्तर ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।




## नाश्ता सेंटर में गुंडागर्दी करने वाला आरक्षक सस्पेंड

**दुर्ग,24अप्रैल 2025(ए)।** विजय अग्रवाल ने पदभार संभालने के अगले ही दिन अनुशासन और कानून व्यवस्था को लेकर कड़ा संदेश दिया है। भिलाई के सुपेला क्षेत्र में एक नाश्ता सेंटर में हुई तोड़फोड़ और मारपीट की घटना में शामिल आरक्षक कुंदन सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कार्यभार संभालने के साथ ही कड़ा रुख अपनाते हुए एक अनुशासनहीन पुलिसकर्मी पर त्वरित कार्रवाई की है। भिलाई के सुपेला थाना क्षेत्र में स्थित एक नाश्ता सेंटर में हुई घटना को लेकर आरक्षक कुंदन सिंह को निलंबित कर दिया गया है।

## कश्मीर में फंसे छत्तीसगढ़ के पर्यटकों की वापसी शुरू

**रायपुर/श्रीनगर,24अप्रैल 2025(ए)।** पहलगाम में आतंकी हमले, और फिर श्रीनगर-जम्मू हाईवे के बंद होने की वजह से कश्मीर में फंसे छत्तीसगढ़ के पर्यटकों की वापसी शुरू हो गई है। गुरुवार को सुबह बसों से कटरा, और जम्मू के लिए रवाना हुए। रामबन के पास चार दिन पहले बादल फटने से सडक़ बहने के बाद जम्मू-श्रीनगर हाईवे बंद था। इसी बीच पहलगाम में आतंकी हमले में 28 पर्यटकों की मौत के बाद तनावपूर्ण माहौल में छत्तीसगढ़ के 65 पर्यटक श्रीनगर में फंसे थे। आज सुबह खबर आई है कि मरम्मत के बाद वन-वे ट्रैफिक शुरू हो गया है। श्रीनगर से पर्यटकों का कटरा और जम्मू के लिए निकलना शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़ के पर्यटक भी सुबह अपने बसों से कटरा के लिए रवाना हुए। सभी पर्यटक सकुशल और सुरक्षित है। रात तक सभी के कटरा पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।





## करदाता को जुर्माने से मिलेगी राहत

**बिलासपुर,24अप्रैल 2025(ए)।** हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है. उन्होंने साफ कहा है कि यदि कोई करदाता स्वेच्छा से अपनी त्रुटि को उजागर करता है और उसका कोई दुर्भावनापूर्ण इरादा नहीं होता तो उस पर आयकर अधिनियम,1961 की धारा 271 (1) (सी) के तहत जुर्माना नहीं लगाया जा सकता। यह धारा आमतौर पर आय छिपाने या गलत जानकारी देने पर लागू होती है।

## एनआईए ने रायपुर में दी दबिश, कांग्रेस नेता को किया अरेस्ट




**रायपुर/नारायणपुर,24अप्रैल 2025(ए)।** नारायणपुर जिले में भाजपा नेता रतन दुबे हत्याकांड मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। मामले में एनआईए की टीम ने कांग्रेस नेता शिवानंद नाग को गिरफ्तार किया है। टीम ने उसे रायपुर के मौहदापारा इलाके से पकड़ा है। एनआईए की टीम इस मामले की लंबे समय से जांच कर रही थी।

## छत्तीसगढ़ में स्मार्ट मीटर सरचार्ज वसूलने सीएसपीडीसीएल की याचिका

### जनता से वसूलेंगे 367 करोड़

**रायपुर,24 अप्रैल 2025(ए)।** राज्य में स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं पर नया आर्थिक बोझ डालने की तैयारी चल रही है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी ने छत्तीसगढ़ विद्युत नियामक आयोग में एक संशोधित याचिका दाखिल की है, जिसमें स्मार्ट मीटर की लागत के एवज में 367 करोड़ रुपये सरचार्ज के रूप में जोड़ने की मांग की गई है। गौरतलब है कि अब तक प्रदेश में 11.5 लाख से अधिक घरेलू कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। उपभोक्ताओं को यह मीटर निःशुल्क बताया गया था, लेकिन अब बिजली वितरण कंपनी इसके लिए अप्रत्यक्ष रूप से राशि वसूलने की तैयारी में है।

### उपभोक्ताओं पर पड़ेगा वित्तीय दबाव

पूर्व में कंपनी ने 4559 करोड़ रुपये के घाटे का हवाला देकर टैरिफ बढ़ाने की मांग की थी। अब 367 करोड़ रुपये और जोड़कर यह अंतर 4926 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। जानकारों का कहना है कि आयोग भले ही स्मार्ट मीटर के नाम पर सीधे कोई शुल्क न लगाए, लेकिन सरचार्ज के रूप में यह राशि वसूली जा सकती है ङ्क जिससे उपभोक्ताओं पर वित्तीय दबाव बढ़ेगा। फिलहाल स्मार्ट मीटर के जरिए रीडिंग और बिलिंग मौजूदा प्रणाली के तहत ही हो रही है। प्रीपेड सिस्टम लागू होने में कुछ महीने और लग सकते हैं। इस व्यवस्था में उपभोक्ता मोबाइल रिचार्ज की तरह 'मोर बिजली' ऐप के माध्यम से बैलेंस डालकर बिजली का उपयोग कर सकेंगे।



छत्तीसगढ़ विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन हेमन्त वर्मा ने पुष्टि की कि वितरण कंपनी की रिवाइज पिटिशन प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि याचिका का परीक्षण कर उचित निर्णय लिया जाएगा। इसके पहले जनसुनवाई की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, जिसके बाद जून तक नई टैरिफ दरों की घोषणा संभव है। इस पूरे मामले में उपभोक्ताओं को जहां एक ओर स्मार्ट सुविधा का वादा किया गया, वहीं अब यह सुविधा आर्थिक बोझ बनती नजर आ रही है। ऐसे में सबकी निगाहें आयोग के आगामी फैसले पर टिकी हैं।

## छत्तीसगढ़ में लू का यलो अलर्ट

### रायपुर बिलासपुर में तापमान 44 डिग्री के पार निकला...

**रायपुर/बिलासपुर,24 अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में तेज गर्मी शुरु हो गई है। मौसम विभाग ने मध्य छत्तीसगढ़ और उत्तर छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में लू का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक 3 दिनों तक दिन के तापमान में विशेष बदलाव होने के आसार नहीं है। पिछले 24 घंटे में बिलासपुर प्रदेश में सबसे गर्म रहा। यहां दिन का पारा 43.8 डिग्री रहा। जबकि रायपुर में पारा 43 डिग्री के पार दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार रायपुर में गुरुवार दिन का तापमान 44 डिग्री और रात का तापमान 28 डिग्री के आसपास रहेगा। बुधवार को पारा 43.2 डिग्री रहा जो सामान्य से 2.8 डिग्री ज्यादा रहा। वहीं रात का तापमान 27.8 डिग्री दर्ज किया गया, जो औसत से 2.3 डिग्री ज्यादा है। राजधानी रायपुर में माना एयरपोर्ट इलाके सबसे ज्यादा गर्म रहा।




### सरगुजा में पारा 40 डिग्री के पार

मौसम विभाग के अनुसार सरगुजा संभाग के जिलों में दिन का पारा 40 डिग्री के पार बना हुआ है। वहीं संभाग के एक दो जिलों में लू चलने की संभावना है। बुधवार को अंबिकापुर में दिन का तापमान 40.6 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से 2.5 डिग्री ज्यादा रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 20.7 डिग्री दर्ज किया गया। बस्तर संभाग के जिलों में गर्मी का ज्यादा असर नहीं है। बुधवार को जगदलपुर में अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश के अन्य संभागों के मुकाबले बस्तर संभाग के जिलों में गर्मी से थोड़ी राहत है। वहीं आज से यहां भी तापमान में हल्की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)